रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, बुधवार 15 जनवरी 2025, वर्ष 10, अंक 362 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

## महाकुंभ तलवारें लहराते संगम पहुंचे नागा साधु; 1.6 करोड़ ने डुबकी लगाई

### कथा वाचक जया किशोरी संगम पहुंचीं, कहा- मैं चाहूंगी कि हर व्यक्ति महाकुंभ के दर्शन करे









**प्रयागराज** महाकुंभ का पहला अमृत स्नान (शाही स्नान) मंगलवार सुबह 6.15 बजे से शुरू हुआ। संन्यासियों के हाथों में तलवार-त्रिशूल, डमरू। पूरे शरीर पर भभूत। घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए नागा साधु-संत संगम पहुंच रहे हैं। सरकार के मुताबिक, दोपहर 1 बजे तक 1 करोड़ 60 लाख श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। इस हिसाब से 30 घंटे में 3 करोड़ लोगों ने गंगा में डुबकी लगाई। हालात संभालने के लिए आर्मी को भी स्टैंड बाई पर रखा गया है। जूना अखाड़े समेत 7 संन्यासी अखाड़ों के संत स्नान कर चुके हैं। अब वैरागी अखाड़ों के संत संगम में स्नान करने के लिए निकले हैं। महाकुंभ में पहली बार शाही स्नान की जगह अमृत स्नान शब्द का इस्तेमाल किया गया। अखाड़ों ने नाम बदलने का प्रस्ताव दिया था। संगम जाने वाले सभी रास्तों में 8 से 10 किमी तक श्रद्धालुओं का रेला है। स्नान के लिए सभी 13 अखाड़ों को अलग-अलग 30-40 मिनट का समय दिया है। संगम पर दुनियाभर का मीडिया और 50 से ज्यादा देशों के श्रद्धालु हैं।

**एपल को-फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लारेन पॉवेल ने संगम में डुबकी लगाई।** भीड़ को देखते हुए आज लेटे हुए हनुमान मंदिर को बंद कर दिया गया है। यति नरसिंहानंद के कैंप के बाहर से अयूब नाम के संदिग्ध युवक को पकड़ा। वह आयुष नाम बताकर अंदर पहुंचा था। अखाड़ों में शामिल महिला संन्यासिनियों ने भी अमृत स्नान में भाग लिया। सबसे ज्यादा जूना अखाड़े में महिला नागा साधु हैं। अखाड़ों में शामिल महिला संन्यासिनियों ने भी अमृत स्नान में भाग लिया। सबसे ज्यादा जूना अखाड़े में महिला नागा साधु हैं। मंगलवार सुबह संगम पर इतने श्रद्धालु पहुंच गए कि पैर रखने की जगह नहीं थी। मंगलवार सुबह संगम पर इतने श्रद्धालु पहुंच गए कि पैर रखने की जगह नहीं थी। पंचायती, अटल, निरंजनी और आनंद अखाड़े के नागा साधु और संत एक साथ स्नान किया। स्नान के बाद नागा संन्यासी ने फरसा लहराया।

पंचायती, अटल, निरंजनी और आनंद अखाड़े के नागा साधु और संत एक साथ स्नान किया। स्नान के बाद नागा संन्यासी ने फरसा लहराया। संगम घाट अखाड़ों के लिए रिजर्व रखा गया है। स्नान के लिए पहुंचे नागा साधुओं ने पानी में करतब दिखाए।

कथा वाचक जया किशोरी संगम पहुंचीं, कहा- मैं चाहूंगी कि हर व्यक्ति महाकुंभ के दर्शन करे कथा वाचक जया किशोरी ने कहा- सभी को मकर संक्रांति की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मुझे बहुत खुशी है कि मैं पहली बार कुंभ में स्नान के लिए आई हूं। मैं चाहूंगी कि देश का हर व्यक्ति महाकुंभ के दर्शन कर सके। हम अपनी संस्कृति, धर्म और संस्कार दुनिया को दिखा रहे हैं, जिससे युवा आकर्षित हो।

## शाची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 1-0 से हराया



रांचीः शाची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने वुमेन्स हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में आज मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम, रांची में दिल्ली एसजी पाइपर्स के खिलाफ 1-0 की रोमांचक जीत दर्ज की। कैथरीन मोलन ने दूसरे क्वार्टर में खेल के 23वें मिनट में गोल कर टाइगर्स को बढ़त दिलाई, जिसे उन्होंने अंत तक बनाए रखा। खेल की शुरुआत में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। टाइगर्स ने सबसे पहले सर्कल एंट्री की, लेकिन दिल्ली एसजी पाइपर्स की दीपिका ने तुरंत जवाब दिया और गेंद को लेकर एम्मा पुव्रेज को सर्कल में पास दिया, लेकिन यह पास इंटरसेप्ट हो गया। पहले क्वार्टर के आखिरी पांच मिनट में पाइपर्स ने दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन दीपिका के प्रयासों को ग्रेस ओ'हैनलन ने रोक दिया। वहीं, क्वार्टर के अंतिम मिनट में टाइगर्स को भी एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे इसे गोल में तब्दील नहीं कर सके।

दूसरे क्वार्टर में दिल्ली एसजी पाइपर्स ने पहल की और शुरूआती मिनटों में ही पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन स्टेफनी डी ग्रूफ का शॉट ग्रेस ओ'हैनलन ने एक बार फिर रोक दिया। पाइपर्स ने लगातार आक्रमण जारी रखा, लेकिन दीपिका और प्रीति दुबे के शॉट्स को भी टाइगर्स की रक्षापंक्ति ने विफल कर दिया। खेल के 23वें मिनट में टाइगर्स ने एक काउंटर अटैक किया, जहां कैथरीन मोलन ने गेंद को तेजी से आगे बढ़ाते हुए एलोडी पिकार्ड के ऊपर से उठाकर शानदार गोल कर दिया। इसके बाद, पाइपर्स ने बराबरी के लिए जोर लगाया, लेकिन टाइगर्स ने अपनी 1-0 की बढ़त को बरकरार रखा। तीसरे क्वार्टर में पाइपर्स ने आक्रमण और तेज कर दिया। नवनीत कौर ने खुले खेल और पेनल्टी कॉर्नर दोनों से गोल करने का प्रयास किया, लेकिन वे अंतिम क्षणों में चूक गईं। पाइपर्स ने कई पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन टाइगर्स ने अपने मजबूत डिफेंस के दम पर सभी प्रयास विफल कर दिए। क्वार्टर के अंत में टाइगर्स ने गेंद पर नियंत्रण बनाना शुरू कर दिया। आखिरी क्वार्टर में शाची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने आक्रामक शुरुआत की और अपनी बढ़त को दोगुना करने की कोशिश की, साथ ही मजबूत डिफेंस का प्रदर्शन जारी रखा। वहीं, दिल्ली एसजी पाइपर्स के हमले धीरे-धीरे कम होते गए। क्वार्टर के बीच में पाइपर्स ने टाइगर्स को उनके हाफ में धकेलते हुए कई मौके बनाए और कुछ पेनल्टी कॉर्नर भी अर्जित किए, लेकिन दीपिका और नवनीत कौर गोल करने में असफल रहीं। अंततः, शाची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 1-0 की संकरी बढ़त के साथ जीत दर्ज की।

## झारखंड विधानसभा का सत्र 24 फरवरी से शुरू, इस तारीख को पेश होगा बजट



**रांची** : झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है, जिसे राज्यपाल संतोष गंगवार ने मंजूरी दे दी है। 24 फरवरी से शुरू होकर 27 मार्च तक बजट सत्र चलेगा। बजट सत्र के पहले दिन नए सदस्यों के शपथ ग्रहण के अलावा राज्यपाल का अभिभाषण और शोक प्रकाश का कार्यक्रम है। बजट सत्र के पहले दिन 24 फरवरी को साढ़े ग्यारह बजे राज्यपाल का अभिभाषण होगा। देश की दिवंगत विभूतियों को इस दिन याद कर श्रद्धांजलि देने के साथ सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। बजट सत्र में कुल 20 कार्य दिवस निर्धारित हैं। 3 मार्च को पेश होगा बजट राज्यपाल के अभिभाषण पर दूसरे दिन 25 फरवरी और तीसरे दिन 27 फरवरी को वाद-विवाद के साथ सरकार का उत्तर होगा। 26 फरवरी को अवकाश रहेगा। 28 फरवरी को सरकार चालू वित्त वर्ष का तीसरा अनुपूरक बजट पेश करेगी। तीन मार्च को प्रश्नकाल के बाद वित्त वर्ष 2025-26 का बजट हेमंत सरकार पेश करेगी। सत्र के अंतिम दिन 27 मार्च को प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक और गैर सरकारी संकल्प लाए जाएंगे। ये रहा बजट सत्र का पूरा शेड्यूल 24 फरवरी : नए सदस्यों की शपथ, राज्यपाल का अभिभाषण, शोक प्रकाश 25 फरवरीः प्रश्नकाल, राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद 26 फरवरी : अवकाश 27 फरवरी : प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2024-25 का तीसरा अनुपूरक बजट, राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा, सरकार का उत्तर28 फरवरी : प्रश्नकाल, अनुपूरक पर चर्चा01 से 02 मार्च : अवकाश03 मार्च : वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट 04 से 07 मार्चः प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद08 से 09 मार्चः अवकाश10 से 11 मार्चः प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद12 से 16 मार्च तक : अवकाश 17 से 21 मार्चः प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद 22-23 मार्चः अवकाश24 मार्चः प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद, विनियोग विधेयक 25 मार्चः प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक 26 मार्चः प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक व अन्य राजकीय कार्य 27 मार्चः प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक, गैर सरकारी संकल्प

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य वासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी




रांचीः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी. मुख्यमंत्री ने इस मौके पर राज्य वासियों के लिए सुख-समृद्धि,खुशहाली, शांति ,उन्नति और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की. वहीं उन्होंने प्रकृति परब टुसू की भी सभी को शुभकामनाएं दी है. मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अपने x हैन्डल पर पोस्ट कर लिखा कि प्रकृति और लोक उत्सव का महापर्व सोहराय, टुसू परब, बुरु मागे परब और मकर संक्रांति की आप सभी को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार. प्रकृति का यह महापर्व आप सभी को स्वस्थ रखें. आप सभी समृद्ध और खुशहाल रहें, यही कामना करता हूं.

प्रकृति और लोक उत्सव का महापर्व सोहराय, टुसू परब, बुरु मागे परब और मकर संक्रांति की आप सभी को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। प्रकृति का यह महापर्व आप सभी को स्वस्थ रखें। आप सभी समृद्ध और खुशहाल रहें, यही कामना करता हूँ।

## मकर संक्रांति पर शाह ने अहमदाबाद में पतंग उड़ाई





**नई दिल्ली** देश भर में आज मकर संक्रांति मनाई जा रही है। यूपी के प्रयागराज के महाकुंभ में आज पहला अमृत स्नान है। सुबह 10 बजे तक 1 करोड़ 38 लाख श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। गुजरात के अहमदाबाद में भी काइट फेस्टिवल मनाया जा रहा है। महोत्सव में भाग लेने के लिए देश के 11 राज्यों से 52 और 47 देशों से 143 पतंगबाज पहुंचे हैं। अमित शाह ने अहमदाबाद में पतंग उड़ाई। वहीं, राजस्थान में भी पतंगबाजी का उत्सव मनाया जा रहा है। जयपुर के परकोटा स्थित गोविंद देवजी मंदिर में आज पतंगों की झांकी सजाई गई है। भक्त दर्शन के लिए यहां पहुंच रहे हैं। तमिलनाडु में पोंगल के मौके पर घरों में रंगोली सजाई गई। चेन्नई एयरपोर्ट में लाइटिंग की गई। वहीं बैलों की दौड़ जल्लीकट्टू भी आज से शुरू हो गई। पीएम मोदी ने नई दिल्ली में लोहड़ी और मकर संक्रांति के उत्सव में भाग लिया। पीएम मोदी ने नई दिल प्रयागराज के कुंभ में मकर संक्रांति के मौके पर साधु-संतों ने संगम में अमृत स्नान किया। तमिलनाडु के त्रिची में महिलाओं ने घर को रंगोली से सजाया। इस दौरान रंगों से देवी मां की तस्वीर बनाई। तमिलनाडु के त्रिची में महिलाओं ने घर को रंगोली से सजाया। इस दौरान रंगों से देवी मां की तस्वीर बनाई। तमिलनाडु के थूथुकुडी में लोग पोंगल उत्सव मना रहे हैं। पोंगल त्योहार फसल के मौसम के आगमन का प्रतीक है। असम के नगांव में लोगों ने पारंपरिक मेजी (अलाव) जलाया। असम में फसल के उत्सव का त्यौहार बिहू नाम से जाना जाता है। असम के नगांव में लोगों ने पारंपरिक मेजी (अलाव) जलाया। असम में फसल के उत्सव का त्यौहार बिहू नाम से जाना जाता है। गुजरात के अहमदाबाद में मकर संक्रांति पर लोग छत पर पतंग उड़ा रहे हैं। गुजरात के अहमदाबाद में मकर संक्रांति पर लोग छत पर पतंग उड़ा रहे हैं। पश्चिम बंगाल के गंगासागर में मकर संक्रांति के अवसर पर लोगों ने गंगा में डुबकी लगाई। पश्चिम बंगाल के गंगासागर में मकर संक्रांति के अवसर पर लोगों ने गंगा में डुबकी लगाई। मकर संक्रांति के मौके पर अमृतसर के गोल्डन टेंपल में श्रद्धालुओं ने माथा टेका।

## हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया मकर संक्रांति



मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गंगा स्नान को ले गंगा घाट में उमड़ी भीड़ श्रद्धालुओं ने किया पूजा पाठ व दान पुण्य साहिबगंज मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा हर्षोल्लास मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने दही चुरा तिलवा के साथ-साथ खिचड़ी ग्रहण किया। इसके पूर्व आज सुबह मकर संक्रांति के पावन अवसर पर विभिन्न गंगा घाटों पर गंगा स्नान को लेकर लोगों का काफी भीड़ भार देखी गई। श्रद्धालु गंगा स्नान के बाद गंगा घाट स्थित मंदिरों में पूजा अर्चना करने के बाद है दान पुण्य किया। इसके बाद लोगों ने अपने घर में तिल का पूजा करने के बाद दही चुरा तिलवा तथा खिचड़ी ग्रहण किया । इस संबंध में पुरोहित धनेश तिवारी ने बताया कि मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान के साथ-साथ धन्य पुणे का भी बड़ा ही महत्व है।

## थाली खींचना इसे ही कहते हैं! सीएम नीतीश को भोज पर बुलाकर 'गायब' हो गए चिराग



**पटनाः** मकर संक्रांति के दिन पटना में लोजपा (रामविलास) प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया। इस भोज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत NDA गठबंधन के नेताओं को आमंत्रित किया गया था। हालांकि, चिराग पासवान खुद इस आयोजन में शामिल नहीं हुए, जिससे राजनीतिक गलियारों में चर्चा छिड़ गई। नीतीश कुमार तय समय पर भोज में पहुंचे, लेकिन चिराग की अनुपस्थिति ने गठबंधन की एकता पर सवाल खड़े कर दिए।

**एकजुटता का संदेश देना चाहते थे चिराग** दरअसल, लोजपा (रामविलास) के कार्यालय में आयोजित इस दही-चूड़ा भोज के माध्यम से चिराग पासवान NDA में एकजुटता का संदेश देना चाहते थे। लेकिन उनकी खुद की अनुपस्थिति ने इस संदेश को कमजोर कर दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समय पर पहुंचे, उनके साथ जेडीयू कोटे के मंत्री विजय कुमार चौधरी और कुछ अन्य पार्टी नेता भी मौजूद थे। चिराग पासवान की गैरमौजूदगी में पार्टी के अन्य नेताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



दिल्ली की सीएम आतिशी ने कालकाजी विधानसभा सीट से अपना नामांकन भर दिया। नामांकन वैसे तो सोमवार को होना था, लेकिन आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल चुनाव आयोग गया था। आतिशी ने नामांकन भरने के बाद मीडिया से बात करते हुए बीजेपी के पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रवेश वर्मा खुलेआम पैसे बांट रहे हैं, चुनाव आयोग को भी निष्पक्ष चुनाव कराने का आश्वसान देना चाहिए।

## रेप पर दी थी न्यूनतम 3 साल की सजा, सुप्रीम कोर्ट बोला-ट्रायल कोर्ट के फैसले से हैरानी

**नई दिल्ली:** हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने यह देखकर आश्चर्य जताया किया कि एक ट्रायल कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 376 के तहत रेप के अपराध के लिए केवल तीन साल की सजा दी, जबकि इस अपराध के लिए निर्धारित न्यूनतम सजा ( निर्भया कांड के बाद 2013 में कानून में हुए बदलाव से पहले के मामले में) सात साल थी। यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट के सामने है, लेकिन गुजरात के ट्रायल कोर्ट का फैसला हैरान करने वाला है। निचली अदालत को सुप्रीम चुनौती गुजरात की निचली अदालत ने रेप मामले में दोषी को तीन साल कैद की सजा दी। इस फैसले को दोषी ने गुजरात हाई कोर्ट के सामने चुनौती दी। गुजरात हाई कोर्ट ने दोषी की अपील खारिज कर दी साथ ही राज्य सरकार की उस अपील को भी खारिज कर दिया गया जिसमें हाई कोर्ट से गुहार लगाई गई थी कि दोषी की सजा बढ़ाई जाए। इसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला की अगुवाई वाली बेंच के सामने जब इस मामले की पिछले हफ्ते सुनवाई हुई, तब शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी करते हुए कहा कि हम यह समझने में असमर्थ हैं कि ट्रायल कोर्ट ने कैसे धारा 376 IPC के तहत रेप के अपराध के लिए केवल तीन साल की कठोर सजा दी, जबकि न्यूनतम सजा सात साल है। सुप्रीम कोर्ट इस बात से भी हैरान था कि गुजरात हाई कोर्ट ने दोषी की सजा के खिलाफ अपील और राज्य की ओर से सजा बढ़ाने की अपील को खारिज करते समय इस तथ्य पर ध्यान नहीं दिया।

## राम मंदिर की प्रतिष्ठा के बाद सच्ची आजादी... मंदिर-मस्जिद बयान विवाद से किनारा कर रहे संघ प्रमुख मोहन भागवत?

**नई दिल्ली** : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के रूप में मनाई जानी चाहिए क्योंकि अनेक सदियों से दुश्मन का आक्रमण झेलने वाले देश की सच्ची स्वतंत्रता इस दिन प्रतिष्ठित हुई थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत का राम मंदिर को लेकर एक दिन पहले इंदौर में दिए इस बयान को लेकर चर्चा हो रही है। मोहन भागवत पिछले दिनों देश के अलग-अलग हिस्सों में मंदिर-मस्जिद विवाद उठने को लेकर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने संभल में हुई हिंसा की भी आलोचना की थी। कई जानकारों का मानना है कि संघ प्रमुख के मस्जिद-शिवलिंग खोजने से जुड़े विवाद को लेकर जिस तरह से आलोचना हुई थी उस वजह से यह बयान काफी अहम है। **संघ प्रमुख ने राम मंदिर पर क्या कहा**? संघ प्रमुख मोहन भागवत 13 तारीख को इंदौर में थे। यहां उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय को 'राष्ट्रीय देवी अहिल्या पुरस्कार' प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की तिथि पौष शुक्ल द्वादशी का नया नामकरण 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के रूप में हुआ है। उन्होंने कहा कि यह तिथि 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के रूप में मनाई जानी चाहिए क्योंकि अनेक सदियों से 'परचक्र' (दुश्मन का आक्रमण) झेलने वाले भारत की सच्ची स्वतंत्रता इस दिन



प्रतिष्ठित हुई थी। इससे पहले संघ प्रमुख ने कहा था कि हमे हर मस्जिद के नीचे मंदिर नहीं ढूंढ़ना चाहिए। हर जगह मंदिर ढूंढ़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मंदिर-मस्जिद से जुड़ा मुद्दा कुछ लोग इसलिए उठाते हैं ताकि वे स्वयं को हिंदुओं के नेता के रूप में स्थापित कर सकें। विशेष रूप से, राम मंदिर के संदर्भ में ऐसी बातें ज्यादा देखने को मिल रही हैं। हम लंबे समय से सद्भावना के साथ रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना संदेश देना चाहते हैं तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। मोहन भागवत, दिसंबर 2024, पुणे में सहजीवन व्याख्यान माला के दौरान संघ प्रमुख को झेलनी पड़ी थी आलोचना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने पिछले साल दिसंबर में को पुणे में कहा था कि मंदिर-मस्जिद के रोज नए विवाद निकालकर कोई नेता बनना चाहता है तो ऐसा नहीं होना चाहिए। हमें दुनिया को दिखाना है कि हम एक साथ रह सकते हैं।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



## सैमसंग ने गैलेक्सी एस सीरीज़ के लिए प्री-बुकिंग शुरू की




**रांचीः** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज अपनी नई गैलेक्सी एस सीरीज़ स्मार्टफोन की प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। यह नई सीरीज़ एआई टेक्नोलॉजी में एक नया अध्याय जोड़ेगी। इसमें प्रीमियम इनोवेशन्स शामिल हैं, जो आपके हर दिन को और भी आसान और स्मार्ट बना देंगे। ग्राहक सिर्फ 2000 रुपये का टोकन भुगतान करके सैमसंग.कॉम, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स और प्रमुख ऑनलाइन और ऑफलाइन रिटेल स्टोर्स पर अपनी गैलेक्सी एस सीरीज़ बुक कर सकते हैं। प्री-बुकिंग करने वाले ग्राहकों को 5000 रुपये तक के फायदे और नए गैलेक्सी डिवाइस को सबसे पहले इस्तेमाल करने का मौका मिलेगा। सैमसंग 22 जनवरी को सैन जोस, कैलिफोर्निया में गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में इस नई सीरीज़ को लॉन्च करेगा। यह इवेंट मोबाइल एआई अनुभवों में नया मानक स्थापित करेगा और आपके जुड़ने के तरीके को पूरी तरह बदल देगा।

## मकर संक्रांति में श्री राधा कृष्ण मंदिर में उमड़ी भारी भीड़

**रांचीः** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे झारखंड के सबसे बड़े श्री राधा-कृष्ण मंदिर, श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे भारी भीड़ उमड़ रही है। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 5 जनवरी को मंदिर के उद्घाटन के बाद 10 दिनो मे 1 लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में आकर श्री राधा कृष्ण के दर्शन किए। मकर- संक्रांति के अवसर पर आज विशेष पूजा- पाठ का आयोजन किया गया। आज 15 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। भव्य मंदिर के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा -कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना किया जा रहा है। मंदिर में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत तक की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र है। रांची का श्री राधा कृष्ण मंदिर धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है झारखंड के विभिन्न जिलों एवं दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर का दर्शन करने पहुंच रहे हैं। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे पूरे श्रद्धा भाव के साथ श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना कराकर प्रसाद वितरण कर रहे हैं। ट्रस्ट के सभी पदाधिकारीगण, सदस्यगण सुचारू रूप से व्यवस्था मे लगे हुए हैं।



## मकर संक्रांति पर जेसीआई यूथ ने किया भोजन का किया वितरण




**रांचीः** मकर संक्रांति के मौके पर रांची के संत माइकल ब्लाइंड स्कूल के बच्चों के बीच जाकर जेसीआई यूथ के सदस्यों ने भोजन का वितरण किया और बच्चों के साथ समय बिताया। करीब 80 बच्चों के बीच तिलकुट, फल और मिठाई के साथ विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर जेसीआई यूथ के फाउंडर प्रेसिडेंट अंकित अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के बीच बिताया समय अनूठा एहसास कर रहा है। हमारी संस्था का प्रयास रहेगा कि ऐसे बच्चों के बीच विभिन्न त्योहारी अवसरों पर जेसीआई यूथ के सभी सदस्य शामिल हों और खुशियां बांटें। इस मौके पर मुख्य रूप से जेसीआई रांची यूथ के प्रेसिडेंट विजेंद्र प्रसाद, सेक्रेटरी मोनिका गोयनका, अदिति सिंघानिया, विकास झांझरिया गुनीत सिंह ,निष्ठा अड़ूकिया शामिल थे।

## धनुर्मास व्रत का उद्यापन और मकर संक्रान्ति का पर्व मनाया गया

**रांचीः** दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में गोदांबा देवी द्वारा अनुष्ठित तीस दिनों का व्रत -धनुर्मास का आज सूर्य के मकर राशि में संक्रमण करते के साथ ही समाप्त हुआ। धनुर्मास का समापन और मकर संक्रान्ति पर्व को ले प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में साढ़े चार बजे से भगवान् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का दूध ,दधि,शहद,हरिद्राचूर्ण ,चंदन,डाभयुक्तजल और गंगाजल से महाभिषेक हुआ। सम्पूर्ण विधि से अभिषेक के बाद दिव्य वस्त्रों से आक्षादित कर अनेकों आभरण से अलंकार समर्पण किया और षुष्पाभरण सेवा हुआ।फिर भगवान रंगनाथ संग गोदाम्बा जी का विवाह कराया । विवाह विधि संक्षिप्तरूप से विष्वकसेन आराधन , पुण्याहवाचन , रक्षासूत्र प्रोक्षणम् किया और भगवान तथा भगवती को रक्षा सूत्र बंधन कराया। आचार्य रक्षाबंधन तथा यजमान रक्षाबंधन हुआ ।इसके बाद पुरुषसूक्त , श्रीसुक्तम् , भूसूक्तम् का वाचन एवं जयमाला - भगवती द्वरा भगवान को और भगवान भगवती को सात - सात बार क्रमबद्ध धारण कराया। फिर मंगलसूत्र का प्रतिष्ठा करके श्रीदेवी, भूमि देवी और गोदांबा देवी को धारण कराया । वरणामाईरम् विधि से वेदविदित मंत्रों द्वारा अक्षतार्पण कर कल्याण महोत्सव के साथ धनुर्मास व्रत का समापन हुआ। मकर संक्रांति महापर्व को लेकर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ हुई। श्रद्धालु भक्तगण पुण्यकाल समय से दिन भर भगवान श्री भलक्ष्मी वेंकटेश्वर की पूजा- अर्चना कराकर सुख शांति और समृद्धि की कामना किया। महाभिषेक के यजमान निहार - पायल तुलस्यान तुलस्यान ज्वैलर्स रांची, दिनभर का भोग : श्री आनंद प्रकाश - राधिका अग्रवाल भारत इलेक्ट्रिक रांची जबकि एकसमय का भोग प्रदीप मोदी रांची निवासी की ओर से हुआ। अर्चक सत्यनारायण गौतम और नारायण दास ने दिनभर के अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वश्री अनूप अग्रवाल प्रदीप नरसरिया रंजन सिंह शंभू नाथ पोद्दार प्रभास मित्तल ओमप्रकाश गड़ोदिया गौरी शंकर साबू घनश्याम दास शर्मा आदि की भूमिका रही।



## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री ने शिष्टाचार भेंट की



रांचीः राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर माननीय मंत्री ने राज्यपाल को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने भी उन्हें नूतन वर्ष एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। वार्ता के क्रम में जनजातीय समाज के उत्थान व विकास हेतु केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं राज्य में उनके प्रभावी कार्यान्वयन के संदर्भ में चर्चा हुई।

## सेल सेटलाइट कॉलोनी में मेगा स्पोर्ट्स इवेंट का उद्घाटन



**रांचीः** सेल मेगा स्पोर्ट्स इवेंट का उद्घाटन आज सेल, रांची इकाई के कार्यपालक निदेशकों अनुप कुमार (ईडी-एसएसओ), एसके वर्मा (ईडी-सीईटी), और एसके कर (ईडी-आरडीसीआईएस) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया| यह कार्यक्रम सैटेलाइट टाउनशिप के मनोरंजन केंद्र में आयोजित किया जा रहा है। इसे सेल कर्मियों, गृहिणियों और बच्चों के बीच खेल भावना और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है। इस आयोजन में बैडमिंटन, शतरंज, कैरम और टेबल टेनिस जैसे विभिन्न प्रकार के इनडोर खेल शामिल हैं। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और सिट-एंड-ड्रॉ प्रतियोगिता जैसी आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। महिला प्रतिभागियों को अल्पना और रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी रचनात्मकता दिखाने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन 26 जनवरी, 2025 तक चलेगा, जिसका समापन आउटडोर गेम्स और गणतंत्र दिवस पर एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा।

## मकर संक्रांति के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन



**रांचीः** चैंबर भवन में मकर संक्रांति त्यौहार को बडे ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में 40 से अधिक सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान सभी सदस्यों ने स्वादिष्ट तिलकुट, चूडा और घेवर का आंनद लिया और एक-दूसरे को संक्रांति की बधाई दी। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी और महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से सभी चैंबर सदस्यों को मकर संक्रांति और लोहडी पर्व की बधाई देते हुए नई उर्जा के साथ चैंबर के कार्यों में गति लाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सह सचिव विकास विजयवर्गीय और नवजोत अलंग ने संयुक्त रूप से मकर संक्रांति का महत्व बताया और कहा कि यह दिन समाज को प्रकाश और आशा की ओर ले जानेवाला पर्व है। कार्यक्रम के दौरान ही चैंबर के फिल्म कला संस्कृति उप समिति चेयरमैन आनंद जालान के नेतृत्व में संगीत कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई जिसका उपस्थित सदस्यों ने आनंद उठाया। कार्यक्रम में चैंबर के उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, साहित्य पवन, आस्था किरण, सुनिल सरावगी, संजय अखौरी, मुकेश अग्रवाल, रांची नगर निगम के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, निवर्तमान अध्यक्ष किशोर मंत्री, उप समिति चेयरमेन आनंद जालान, निरंजन शर्मा, किशन अग्रवाल, परमिंदर सिंह बग्गा, मुकेश पांडे, विजय शंकर, रमेश साहू, विकास झाझरिया, सदस्य देवेश खान, बिलाल अख्तर, राजीव रंजन मिश्रा, सुमित अग्रवाल, पिया बर्मन समेत कई सदस्य शामिल थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

## ट्रेनों में अस्थायी तौर पर कोच संयोजन में वृद्धि

**रांचीः** यात्रियों की सुविधा के लिए रांची रेल मण्डल से परिचालित निम्नांकित ट्रेनों में अस्थायी तौर पर कोच संयोजन में वृद्धि की गई है। ट्रेन संख्या 18640 रांची – आरा एक्सप्रेस में यात्रा प्रारम्भ दिनांक 15/01/2025 से 31/03/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा। ट्रेन संख्या 18639 आरा – रांची एक्सप्रेस में यात्रा प्रारम्भ दिनांक 16/01/2025 से 01/04/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा। ट्रेन संख्या 18619 रांची – गोड्डा एक्सप्रेस में यात्रा प्रारम्भ दिनांक 15/01/2025 से 31/03/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा। ट्रेन संख्या 18620 गोड्डा – रांची एक्सप्रेस में यात्रा प्रारम्भ दिनांक 16/01/2025 से 01/04/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा। ट्रेन संख्या 18611 रांची – बनारस एक्सप्रेस में यात्रा प्रारम्भ दिनांक 15/01/2025 से 31/03/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा। ट्रेन संख्या 18612 बनारस – रांची एक्सप्रेस में यात्रा प्रारम्भ दिनांक 16/01/2025 से 01/04/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा। ट्रेन संख्या 18105 राउरकेला – जयनगर एक्सप्रेस में यात्रा प्रारम्भ दिनांक 15/01/2025 से 31/03/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा। ट्रेन संख्या 18106 जयनगर – राउरकेला एक्सप्रेस में यात्रा प्रारम्भ दिनांक 16/01/2025 से 01/04/2025 तक द्वितीय श्रेणी स्लिपर का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा।

## रांची गायब 2 सगी बहनों के परिजन से मिलने पहुंचे मंत्री इरफान, कहा- सरकार वापसी के लिए करेगी मदद

**रांची** : रांची हिंदपीढ़ी से गायब 2 सगी बहनों के परिजनों से मिलने आज स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी उनके आवास पर पहुंचे। मौके पर अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मामले को लेकर गंभीर हैं। सरकार अपनी पूरी कोशिश कर रही है। सरकार पूरे परिवार के साथ खड़ी है। जल्द दोनों लड़कियों को वापस लाया जाएगा। इरफान अंसारी के साथ साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अजय नाथ शाहदेव और शहजादा अनवर आदि भी मौजूद थे।

**क्या है मामला** बता दें कि अपहृत युवतियों के चाचा ने पुलिस को बताया था कि दोनों बहनें 11 जनवरी की दोपहर 12.30 बजे अपने घर से कांटाटोली के समीप मंगल टावर स्थित आधार केंद्र जाने के लिए निकली थीं। इसके बाद दोपहर के करीब 1.20 बजे एक भतीजी ने फोन कर अपने पिता से कहा कि ऑटो चालक ने उनसे मोबाइल और पर्स छीन लिया है। जबरन कहीं दूसरी जगह पर ले जा रहा है। इतना बोलने के बाद फोन कट गया. दोबारा फोन करने पर फोन बंद मिला। इसके बाद कोई संपर्क नहीं हो पाया है। बाद में पुलिस को दोनों का आखिरी लोकेशन ओरमांझी में मिला था।



## ब्राम्बे से चोरी मोटरसाइकिल मामले में मांडर पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**मांडर** : थाना क्षेत्र के ब्राम्बे से 28 दिसंबर को हुए मोटरसाइकिल चोरी मामले में मांडर पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया है मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल ने बताया की ब्राम्बे स्थित दुकान के बाहर खड़े राजन कुमार साहू के द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की शिकायत थाने को प्राप्त हुई थी जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मांडर थाना क्षेत्र के तिगोई अंबाटोली निवासी 23 वर्षीय वसीम अंसारी को गिरफ्तार कर मंगलवार दोपहर 3 बजे जेल भेज दिया है वही अभियुक्त के पास से चोरी किया गया पल्सर मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद किया है वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व में भी युवक के द्वारा कई घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है।

## जैन श्वेताम्बर साधुमार्गी रांची संघ ने झारखंड के राज्यपाल को दिया निमंत्रण



**रांची**। जैन श्वेताम्बर साधुमार्गी संघ के आचार्य 1008 श्री रामलाल जी महाराज सा.के 50वें दीक्षा अंगीकार दिवस को स्वर्ण महोत्सव (महत्तम शिखर महोत्सव) के रूप में इस बार मनाया जा रहा है।आगामी स्वर्ण महोत्सव के उपलक्ष्य में झारखंड के राज्यपाल महोदय सन्तोष गंगवार को नोखा,बीकानेर राजस्थान आने का निमंत्रण आज श्रीसाधुमार्गी संघ राँची के द्वारा दिया गया, साथ ही राज्यपाल महोदय के द्वारा आगामी स्वर्ण महोत्सव के लिए शुभ संदेश प्रदान करने हेतु निवेदन किया गया। साधुमार्गी जैन संघ राँची के अध्यक्ष अशोक सुराणा, समता युवा संघ रांची के अध्यक्ष राकेश बच्छावत,उत्तम कोठारी, संयम जैन, डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार आदि ने राज्यपाल से मुलाकात कर निवेदन किया।

## बाल-बाल बचे पूर्व मंत्री राजा पीटर...



रांची : झारखंड के पूर्व मंत्री राजा पीटर बाल-बाल बच गए। रांची-टाटा मार्ग पर पोड़ाडीह कांची पुल के पास उनकी एक्सयूवी गाड़ी को एक कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। शुक्र रहा कि इस हादसे में राजा पीटर बाल-बाल बच गए।

घटना उस वक्त हुई जब राजा पीटर अपनी गाड़ी से दिउड़ी स्थित अपने होटल से एसबीआई बैंक बुंडू जा रहे थे। जैसे ही वे कांची पुल के पास सिंगल लेन में एंट्री कर रहे थे, तभी सामने से आ रहा कंटेनर उनकी गाड़ी से टकरा गया। तमाड़ थाना प्रभारी रोशन कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और राजा पीटर से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली। राजा पीटर ने बताया कि टक्कर के बाद गाड़ी के ड्राइवर साइड का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन वे और उनके चालक सुरक्षित हैं। टक्कर के बाद कंटेनर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद तमाड़ पुलिस को सूचित किया गया और पुलिस ने पीछा करते हुए कंटेनर को तमाड़ के पास पकड़ लिया। पुलिस ने कंटेनर के चालक और खलासी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## मंत्री इरफान का BJP पर हमला, कहा- स्पीकर पर दोष मढ़ने वाली भाजपा खुद क्यों चुन पा रही नेता प्रतिपक्ष



**रांची** : झारखंड राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस नेता इरफान अंसारी ने फिर भाजपा पर निशाना साधा है। इरफान अंसारी ने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर ट्वीट करते हुए भाजपा का नेता प्रतिपक्ष अबतक न चुने जाने पर तंज कसा है। उन्होंने लिखा है कि "नेता प्रतिपक्ष को लेकर कभी राज्य सरकार तो कभी माननीय स्पीकर पर दोष मढ़ने वाली भाजपा अब गूंगी क्यों बनी है। अपना विधायक दल का नेता क्यों नहीं घोषित कर रही है।"

गौरतलब है कि झारखंड में सरकार गठन को दूसरा महीना बीतने को है। ऐसे में अबतक भारतीय जनता पार्टी ने विधायक दल के नेता का चयन नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी निर्देश दिया है कि झारखंड में भाजपा 2 महीने के अंदर अपना नेता प्रतिपक्ष का चयन करे। बता दें कि नेता प्रतिपक्ष की रेस में बाबूलाल मरांडी और सीपी सिंह के नाम की चर्चा है। लेकिन इसपर अबतक संशय बरकरार है कि भाजपा किसे विधायक दल का नेता चुनती है।

## कड़ाके की ठंड से बचने गरीबों के बीच कंबल वितरित



चान्हो : जिला परिषद सदस्य सह समाजसेवी आशुतोष तिवारी ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर अपने आवास पर कंबल का वितरण किया। उन्होंने गांव के लगभग एक दर्जन से भी अधिक बुजुर्ग महिला-पुरुषों को कंबल मुहैया कराया। आशुतोष ने बताया कि सर्दी का प्रकोप इन दिनों लोगों को झेलना पड़ रहा है। दिन में भी बादल छाए रहने से ठंड बढ़ गई है। जबकि रात में हालात और भी ज्यादा खराब हो रही है। ऐसे में लोगों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया है। ताकि कड़ाके ठंड से बचाव को लेकर गरीबों को रहता मिले। इसी मौके पर तिवारी समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।



**रांची** निधि खरे को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। निधि खरे झारखंड कैडर की 1992 बैच की IAS अधिकारी हैं।

रांची ।राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मंत्री ने राज्यपाल महोदय को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल महोदय ने भी उन्हें नूतन वर्ष एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। वार्ता के क्रम में जनजातीय समाज के उत्थान व विकास हेतु केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं राज्य में उनके प्रभावी कार्यान्वयन के संदर्भ में चर्चा हुई।



रांची : दर्जनों कांडों में वंछित कुख्यात अपराधी सजाउद्दीन अंसारी गिरफ्तार। पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा, चल रही पूछताछ। जिला बदर भी हो चुका है सजाउद्दीन। गिरफ्तारी के बाद पुलिस के प्रति बढ़ा विश्वास, दहशत समाप्त करने के लिए पैदल परेड करा सकती है पुलिस।



## जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण



भिखराजपुर में मस्जिद -ए- बैतुल मुकर्रम के तहत तीन सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो व पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि इस संस्था द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी कार्य सराहनीय है। मौके पर हाजी असफ अली खान, प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, सीओ प्रवीण कुमार सिंह, अरुण सिंह, सदाउर रहमान, अमाल खान, खुर्शीद आलम, महावीर महतो, मुस्ताक आलम, नूर आलम, मोहम्मद अकरम, गुड्डू खान, अजीमुद्दीन, इरशाद, आलम, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद आमिर, जमाल खान, फखरुद्दीन, इस्लाम, रहीमुद्दीन, अजीमुद्दीन, एजाज, लालू, अब्दुल्ला, संतोष सिंह, सुल्तान, मजीद खान, सलीम, अफरोज, हकीमुद्दीन, नादिर समस, मसूद आदि मौजूद थे।

## बंदरचुआं में मजदूर की हुई मौत मामले में हुई वार्ता, 21 घंटे बाद उठी शव



बलियापुर :बंदरचुआं से तेतुलटांड जाने वाली पथ पर स्थित पहाड़ी के समक्ष सोमवार को एक ट्रैक्टर के पलट जाने पर दबकर ट्रैक्टर चालक सोनू बाउरी की मौत हो गई थी। घटना के करीब 21 घंटे बाद मंगलवार पूर्वाहन करीब 11:00 बजे लोगों ने शव को उठने दिया गया। सोमवार को घटना के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों ने मृतक के आश्रित को मुआवजा की मांग को लेकर पुलिस को शव उठाने से रोक दिया था। घटनास्थल पर लोग धरना पर बैठ गए रात भर लोग घटनास्थल पर ही डटे रहे। मंगलवार की सुबह सिंदरी के विधायक चंद्रदेव महतो घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रैक्टर मालिक के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे प्रताप सिंह ने मृतक के आश्रित को ट्रैक्टर मालिक की ओर से 80 हजार रुपए सहायता राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन के बाद लोग शांत हुए। पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम हेतु धनबाद भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त उक्त ट्रैक्टर को जप्त कर थाना ले आई है।

## सिंदरी में एकदिवसीय कैडर ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया



**धनबाद**: सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की आवाज बुलंद करने वाला संगठन बामसेफ द्वारा सिंदरी में एकदिवसीय कैडर ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का नेतृत्व राष्ट्रीय संगठन सचिव मू मनोज कुमार ने किया। शिविर का उद्देश्य सामाजिक जागरूकता बढ़ाने और संगठन के उद्देश्यों को मजबूत करना था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्यइस ट्रेनिंग कैंप में मुख्य रूप से सामाजिक समानता, संवैधानिक अधिकारों और संगठनात्मक कार्यों को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षकों ने बामसेफ के उद्देश्यों, सिद्धांतों और संगठन की ताकत को समझाने पर जोर दिया। प्रशिक्षकः राष्ट्रीय संगठन सचिव मू मनोज कुमार, जिन्होंने प्रतिभागियों को बामसेफ के इतिहास, सिद्धांतों और वर्तमान सामाजिक संरचना के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में भाग लेने वाले प्रमुख सदस्य इस एकदिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रमुख प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैंः मू मनोज कुमार , मू अजय रजवार, मू दिलीप बावरी ,मू महेश चंद्र दास, मू रंजीत दास , मू राम गोविंद राम, मू बुदधे मुर्मू , मू प्रकाश दास मू जफरु आलम, मू राजेश धारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु 1. संवैधानिक अधिकारों की रक्षाः प्रतिभागियों को उनके अधिकारों और उन्हें संरक्षित करने के तरीके बताए गए। 2. संगठन की भूमिकाः बामसेफ के योगदान और समाज में इसकी प्रासंगिकता को रेखांकित किया गया। 3. सामाजिक जागरूकताः प्रशिक्षण के दौरान सामाजिक असमानताओं को पहचानने और उनके खिलाफ संगठित होकर लड़ने की रणनीतियां समझाई गईं। 4. नेतृत्व कौशलः प्रतिभागियों को नेतृत्व कौशल विकसित करने और संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षक मू मनोज कुमार ने प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और उन्हें बामसेफ के उद्देश्यों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। साथ ही, यह संदेश दिया कि सामाजिक समानता और अधिकारों की लड़ाई को संगठित होकर ही जीता जा सकता है। यह एकदिवसीय ट्रेनिंग कैंप न केवल संगठन की विचारधारा को मजबूत करने का माध्यम बना, बल्कि इसमें भाग लेने वाले सदस्यों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक भी किया। इस तरह के शिविर बामसेफ की सामाजिक भूमिका को और अधिक सशक्त बनाते हैं। इसकी जानकारी राम गोविंद राम ने दी

## पूर्व विधायक प्रतिनिधि कमलेश ने शिक्षा मंत्री का किया स्वागत



**रामगढ़** स्कूली शिक्षा साक्षरता एवं निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन सोमवार को रामगढ़ सर्किट हाउस पहुँचे. यहां पर विधायक ममता देवी की मौजूदगी पूर्व स्वास्थ्य विधायक प्रतिनिधि कमलेश कुमार महतो ने उन्हें अंग वस्त्र, बुके देकर व फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया. मंत्री ने लोगों को बिना भेदभाव के विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया।

# नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंडर-14 इवेंट में बोकारो के उपेन्द्र कुमार ने ब्रोंज मेडल जीता...



**बोकारो** : झारखंड स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की मेजबानी में एसजीएफआइ नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंडर-14 इवेंट का आयोजन रांची, मोराबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित किया गया था। यह प्रतियोगिता दिनांक 11 जनवरी से 14 जनवरी, 2025 तक किया गया। उक्त प्रतियोगिता में आवासीय बालक एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्, चंदनकियारी के उपेन्द्र कुमार ने ब्रोंज मेडल जीतकर बोकारो जिला नाम रोशन किया है। उक्त विजेता को उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव सहित अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। साथ ही उनके कोच आशु भाटिया को भी बधाई व शुभकामनाएं दी है। ज्ञातव्य हो कि इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 31 टीमों के लगभग 900 एथलीट शामिल हुए थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत पतंगबाजी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





**बोकारो** : उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत सेक्टर-5 स्थित पुस्तकालय मैदान में पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन* जिला सड़क सुरक्षा समिति बोकारो द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में बहुत से बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों को पतंग दिया गया और उनलोग अपनी अपनी पतंग उड़ाने लगे। जिन बच्चों का पतंग दूसरे बच्चों के पतंग को काट देता है। वहीं विजेता होता है। सभी बच्चों ने खूब मस्ती करते हुए पतंगबाजी किया और एक दूसरे के पतंग को काटा। सभी बच्चों ने वाहन चलाने वाले आमलोगों से अनुरोध किया किया कि आपसब जब भी दो पहिया या चार पहिया वाहन चलाए तो हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। साथ पीछे बैठने वाले लोग भी हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें। ज्ञातव्य हो कि सड़क सुरक्षा माह आगामी 31 जनवरी 2025 तक मनाया जाएगा

## मांझीडीह के जोहर थान मे बैजा बिंधा मेला का हुआ आयोजन

**बलियापुरः** धोखरा मांझीडीह जाहेर थान में आज को बैझा बिंधा मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिंदरी के विधायक चंद्रदेव महतो पहुंचे उन्होंने प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। एवं साथ ही साथ कहां की हम लोगों का संस्कृति ही हम लोग का पहचान है और हम लोग इस तरह का आयोजन कर हमारे संस्कृति को बचाए रखने का काम करते हैं विशिष्ट अतिथि झामुमो केन्द्रीय सदस्य रमेश टुडू, मुखिया उषा महतो, पंसस प्रमिला देवी, संजय कुमार गोराई, समीर कुमार मुर्मू, आनंदमयी पाल, राजेंद्र किस्कू, विशू सोरेन, मांझी हाड़ाम राजेंद्र सोरेन, नायकी हाड़ाम कृष्णा मुर्मू, जोक मांझी छुटू मुर्मू, जितेन्द्र सोरेन, भेरव सोरेन, अशोक सोरेन, मंगलवार सोरेन, पवन सोरेन, रमेश सोरेन, दीपक सोरेन मौजूद, आमोद बावरी विजय मंडल थे। प्रथम पुरस्कार उत्तम महतो व द्वितीय पुरस्कार विमल सोरेन को दिया गया।



## पुलिस ने छापामारी कर अपराधी को किया गिरफ्तार

दिनांक-05.01.2024 को कुज्जू ट्रांसपोर्ट नगर में कुख्यात अपराधकर्मी राहुल दुबे के द्वारा रंगदारी वसुलने एवं व्यवसाईयों के बीच खौफ एवं दहशत का माहौल बनाने के उद्देश्य से अपने गिरोह के अपराधकर्मीयों के द्वारा कोयला व्यवसाई अनिल कुमार केशरी पर जानलेवा हमला कर गोली मारने की घटना को अंजाम दिया गया था। इस घटना के संबंध में माण्डू (कुज्जू) थाना काण्ड सं0-08/25, दिनांक 06.01.25, धारा-126(2)/109/ 118(2) /119(1)/111/333/308(4) /61(2)/3(5) बी०एन०एस० एवं 25(6)/25(8)/27(2) आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। श्री अजय कुमार, (भा०पु० से०) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा दिनांक-06.01.2025 को स्वयं घटनास्थल का भ्रमण कर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़, अंचल निरीक्षक, माण्डु एवं ओ०पी० प्रभारी, कुज्जू को काण्ड का त्वरित गति से अनुसंधान करते हुए काण्ड का उदनेदन करने का निर्देश दिया गया था। प्राप्त निर्देश के आलोक में काण्ड का त्वरित गति से अनुसंधान के क्रम में यह पाया गया है कि घटना के दिन विक्रम कुमार शर्मा उर्फ नेपाली उर्फ टुटुल, पिता-श्री योगेश्वर शर्मा, ग्राम-बाजार टांड़ कुज्जू, थाना-माण्डू (कुज्जू), जिला-रामगढ़ के द्वारा घटना के दिन कुख्यात अपराधकर्मी जयशंकर दुबे उर्फ राहुल दुबे गिरोह के दो अपराधकर्मियों को कोयला व्यवसायी अनिल कुमार केशरी के ऑफिस का रेकी कराने तथा ऑफिस दिखाने एवं अनिल कुमार केशरी पर गोली चलवाने में सक्रिय रूप से सहयोग किया गया। काण्ड अनुसंधान के दौरान विक्रम कुमार शर्मा का कुख्यात अपराधकर्मी एवं इस काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त जय शंकर दुबे उर्फ राहुल दुबे तथा उसके गिरोह के इस घटना में शामील अपराधकर्मियों को सहयोग करने में सक्रिय भूमिका रही है। अनुसंधान में उपलब्ध ठोस साक्ष्य के आधार पर इस काण्ड में शामील पाये गये अपराधकर्मी विक्रम कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है तथा अनुसंधान जारी है।



गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता 1. विक्रम कुमार शर्मा उर्फ नेपाली उर्फ टुटुल, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता-श्री योगेश्वर शर्मा, ग्राम-बाजार टांड़ कुज्जू, थाना-माण्डू (कुज्जू), जिला-रामगढ। जप्त सामान की विवरणी 1. अभियुक्त का मोबाईल फोन। कुमार विक्रम शर्मा नेपाली का वैज्ञानिक इतिहास :- 1. माण्डू थाना (कुज्जू ओ०पी०) काण्ड सं0-47/24, धारा-376 भा०द०वि० एवं 4/8 पोक्सो एक्ट। छापामारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी/कर्मी 1. परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़। 2. सुरेश लिण्डा, अंचल निरीक्षक माण्डू रामगढ़। 3. मो० नौशाद ओ०पी० प्रभारी, कुज्जू, रामगढ़। 4. दीपक कुमार ओ०पी० प्रभारी, वेस्ट बोकारो ओ०पी०, रामगढ़। 5. राम प्रवेश पासवान, प्रभारी माण्डू रामगढ़। 6. पु०अ०नि० दिगम्बर पाण्डेय, प्रभारी डी०सी०बी० शाखा । 7. पु०अ०नि० आशिष कुमार गौतम, कुज्जू ओ०पी० । 8. पु०अ०नि० मनिष कुमार सिंह, कुज्जू ओ०पी० 9. सशस्त्र बल कुजू ओ०पी०।

## गढ़वा 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन








गढ़वा 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन के शुभ अवसर पर गढ़वा जिला उपायुक्त शेखर जमुवार सर जिला पुलिस अधीक्षक दीपक पांडे सर अभिभावक जिला स्कूल क्रिकेट समन्वय समिति के संरक्षक अलख पांडे सर मदन केसरी सर सचिव आनंद सिन्हा एवं अन्य प्रशासनिक पदाधिकारीयों के साथ गढ़वा के फुटबॉल मैदान में उपस्थित हुआ एवं खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। साथ ही अपने ओर से कमेटी को सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर जूनियर वर्ग सीनियर वर्ग एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों एवं स्कूल के पदाधिकारी गण के साथ-साथ खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## सिंदरी के रोहराबांध स्थित अयप्पा मंदिर में 14 जनवरी 2025 को पोंगल पूजा का आयोजन



**धनबाद**। सिंदरी के रोहराबांध स्थित अयप्पा मंदिर में 14 जनवरी 2025 को पोंगल पूजा का आयोजन किया गया, जो हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े धार्मिक उत्साह और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस पूजा का कार्यक्रम इस प्रकार थाः 1. प्रातःकाल (6 बजे से 7 बजे तक): गणपति हवन का आयोजन। 2. सुबह (7 बजे से 10 बजे तक): रुद्राभिषेक। 3. दोपहर (1 बजे से 4 बजे तक): आनंदम और तिलकुट का वितरण प्रसाद के रूप में किया गया। 4. संध्या (5 बजे से 7 बजे तक): धार्मिक कीर्तन और दीपाराधना का कार्यक्रम। 5. रात्रि (8 बजे से आगे): पायसम (खीर) का वितरण। इस धार्मिक कार्यक्रम में पुजारी श्री विजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में अन्य सदस्यों जैसे श्री अमित कुमार, संजीव दुबे, सतीश कुमार सिंह, सूरज प्रसाद, कामरान, झामुमो मुकेश सिंह राकेश पांडेय, गोपाल पांडेय, और अनामिक तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही, सिंदरी की जनता और समाज के अन्य व्यक्तियों का भी विशेष सहयोग देखने को मिला। यह पूजा 1983 में स्थापित हुई थी और तब से लगातार हर साल बड़े उत्साह के साथ मनाई जा रही है।

## जीईसी पलामू में एक सप्ताह का एटीएएल-एफडीपी सफलतापूर्वक संपन्न



**मेदिनीनगर,** 13 जनवरीः एआईसीटीई-एटीएएल प्रायोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) "स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरणीय स्थिरता" का जीईसी पलामू (गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, पलामू) में सफलतापूर्वक समापन हुआ। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित इस एक सप्ताह के एफडीपी में देशभर के 450 से अधिक शिक्षकों, शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंतिम दिन एमएनआईटी भोपाल के डॉ. तिकेंद्र नाथ वर्मा ने "जैव ईंधन की विभिन्न पीढ़ियों" पर एक रोचक व्याख्यान दिया। उनके सत्र में प्रतिभागियों को जैव ईंधन की उन्नत ऊर्जा समाधान में भूमिका के बारे में गहन जानकारी मिली। इसके बाद आयोजित समापन सत्र में जीईसी पलामू के प्राचार्य ने अपनी अंतिम टिप्पणियों में एफडीपी को संबोधित किया। उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग और कार्यक्रम समन्वयकों डॉ. अभिषेक शर्मा और डॉ. मुरली मनोहर को एफडीपी के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के सह-समन्वयक डॉ. मुरली मनोहर ने अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया और सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों और आयोजन टीम के सदस्यों के योगदान की सराहना की, जिनके प्रयासों से एफडीपी सफल हुआ। यह पहल स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में जीईसी पलामू की शैक्षणिक और पेशेवर उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## कार्यकर्ताओं ने उत्साह से मनाया विधायक ममता देवी का जन्मदिन, दिनेश ने कहा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करे





**।रजरप्पा** रामगढ़ विधायक ममता देवी की जन्मदिन चितरपुर प्रखण्ड के पूर्व विधायक प्रतिनिधि दिनेश कुमार महतो के अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं के साथ दामोदर नदी के तट पर केक काटकर और एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर जन्मदिन मनाते हुए उनकी लंबी उम्र की कामनाएं की। इस दौरान दिनेश ने कहा कि रामगढ़ विस क्षेत्र के हित में अनेक काम किये हैं. विकास कार्यों को गति प्रदान कर रहे हैं. उनको भगवान लंबी उम्र दें और वो क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करें. मौके पर झारखण्ड आन्दोलनकारी गोपाल महतो, युवा नेता दिलीप महतो, लारीकलां पंसस सरवर खान, लारीकलां कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस सुखदेव करमाली, सचिव राजू अंसारी सहित कामेश्वर महतो, दिनेश कुमार, राजेन्द्र महतो, रमेश नायक, कुणाल मुण्डा, कुलदीप कसेरा, नन्द किशोर मुंडा, दिनेश मुण्डा, विक्की कुमार, पिंटू नायक, सोहेल नायक, विवेकानन्द महतो, विश्वनाथ महतो, रमेश महतो, ललकु करमाली, मनोज मुंडा आदि कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद थे. इधर, विधायक को हजारों समर्थकों ने गुलदस्ता भेंट कर, एसएमएस, व्हाट्सअप, फेसबुक, इन्स्टा ग्राम व ट्विटर के माध्यम से जन्मदिन की बधाई दी।

## मकर संक्रांति पर दामोदर और भैरवी नदी के संगम पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी



**रजरप्पा**। मकर संक्रांति के मौके पर रजरप्पा स्थित दामोदर और भैरवी नदी के संगम स्थल पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई. मां भगवती के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मकर संक्रांति को लेकर मंगलवार की अहले सुबह से श्रद्धालुओं का मंदिर आना शुरू हो गया था। रजरप्पा आसपास के गांवों से हजारों लोग रजरप्पा पहुंचे और मेले का आनंद उठाया।

# महंगे डॉलर का असर हवाई सफर पर भी, एविएशन कंपनियों को ऐसे पड़ रहा है महंगा

***रुपये की गिरती कीमत ने भारतीय एविएशन सेक्टर के लिए मुश्किलें पैदा कर दी हैं। इंटरनेशनल रूट पर उड़ान भरने वाली भारतीय एयरलाइंस को कई खर्चों का भुगतान डॉलर में करना होता है। ऐसे में इस कंपनियों की लागत काफी बढ़ गई है। इस कारण एयरलाइंस पर किराया बढ़ाने का दबाव बढ़ रहा है।***

***नई दिल्लीः*** *डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत काफी नीचे आ गई है। एक डॉलर के मुकाबले रुपया 86.50 से नीचे तक पहुंच गया है जो अब तक का निम्नतम स्तर है। वहीं रुपये के गिरने और डॉलर के बढ़ने से एविएशन सेक्टर पर भी काफी दबाव बढ़ गया है। डॉलर की कीमत बढ़ने से इंटरनेशनल रूट पर उड़ान भरने वाली भारतीय एयरलाइंस का खर्च काफी बढ़ गया है। इससे उन पर टिकट महंगी करने का दबाव बढ़ रहा है। भारत के एविएशन सेक्टर में हाल ही में काफी तेजी आई है। लेकिन रुपये में गिरावट और डॉलर में तेजी इस इंडस्ट्री के लिए चैलेंज पैदा कर रही है। एयर इंडिया के सीओओ निपुण अग्रवाल ने डॉलर की बढ़ती कीमत से एयरलाइंस के बढ़ रहे खर्च को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि एयरलाइंस के कई खर्च का पेमेंट डॉलर में किया जाता है। ऐसे में कॉस्ट स्ट्रक्चर को लेकर एयरलाइंस पर दबाव पड़ रहा है।*

***क्या कहा एयरलाइन ने?*** *अग्रवाल ने कहा कि रुपये में जितनी गिरावट होगी, लागत और लाभ पर उतना ही दबाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया इंटरनेशनल रूट पर उड़ान भरती है और इंटरनेशनल करेंसी में किराया ले सकती है। लेकिन हर चीज की कीमत इंटरनेशनल करेंसी में नहीं होती। अग्रवाल ने कहा कि एयरलाइंस पर कुछ प्रभाव पड़ता है, लेकिन बढ़त इसे बैलेंस करती है।*

***किन चीजों पर पड़ रहा असर?***

*इस समय तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। इस कारण फ्लाइट में भरे वाले वाले जेट फ्यूल की कीमत में भी तेजी आ रही है। कंपनियों*




*को तेल का पेमेंट डॉलर में करना होता है। इस कारण भारतीय एयरलाइंस पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। यह दबाव इसलिए भी है क्योंकि इंटरनेशन रूट पर कंपनियों का खर्चा ज्यादा हो जाता है। ये कंपनियां इंटरनेशनल क्रू मेंबर, इंटरनेशन होटल आदि का पेमेंट डॉलर में करती हैं। साथ ही इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग से लेकर विमान पार्किंग आदि का चार्ज भी डॉलर में देना होता है। इन खर्चों का पेमेंट एयरलाइंस को रोजाना करना होता है। डॉलर की कीमत ज्यादा होने से ऐसे में कंपनियों की लागत बढ़ जाती है। वहीं दूसरी ओर भारतीय एयरलाइंस परिचालन लागतों को मैनेज करते हुए मौजूदा किराए को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही हैं। रुपये की कीमत गिरने से महंगाई बढ़ सकती है। एयरलाइंस समेत ऐसी कई कंपनियों पर मुनाफा बनाए रखने का दबाव होगा जो इंटरनेशनल बिजनस करती हैं। अगर एयरलाइंस किराए में वृद्धि करती हैं तो इससे मांग में कभी आ सकती है।*

# क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक का शेयर 29% ऊपर 374 पर लिस्टः इश्यू प्राइस 290 था




**मुंबई** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड की लिस्टिंग सेरेमनी हुई। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड का शेयर आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर इश्यू प्राइस से 29% ऊपर 374 पर लिस्ट हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर शेयर इश्यू प्राइस से 27.5% ऊपर 370 पर लिस्ट हुआ। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक के IPO का इश्यू प्राइस 290 था।

यह IPO 7 जनवरी से 9 जनवरी तक बोली लगाने के लिए ओपन था, जो टोटल 195.96 गुना सब्सक्राइब हुआ था। रिटेल कैटेगरी में IPO 256.46 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) कैटेगरी में 139.77 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) कैटगरी में 268.03 गुना सब्सक्राइब हुआ था। **290 करोड़ का था क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक का IPO** क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक का ये इश्यू टोटल 290 करोड़ का था। इसके लिए कंपनी ने पूरे 290 करोड़ के 1,00,00,000 फ्रेश शेयर इश्यू किए। कंपनी के मौजूदा निवेशकों या प्रमोटर्स ने एक भी शेयर नहीं बेचे।

**मैक्सिमम 650 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते थे रिटेल निवेशक** क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड ने IPO का प्राइस बैंड 275-290 तय किया था। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 50 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते थे। यदि आप IPO के अपर प्राइज बैंड 290 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते, तो इसके लिए 14,500 इन्वेस्ट करने होते। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 650 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते थे। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,88,500 इन्वेस्ट करने होते। **ट्रेन कंट्रोल और सिग्नलिंग सिस्टम डिवेलप करती है कंपनी** क्वाड्रेंट रिसर्च बेस्ड कंपनी है, जो भारतीय रेलवे के लिए कवच प्रोजेक्ट के तहत नेक्स्ट जेनरेशन ट्रेन कंट्रोल और सिग्नलिंग सिस्टम डिवेलप करती है। इससे रेल यात्रियों की सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ती है। कंपनी के पास इलेक्ट्रॉन बीम इरैडिएशन सेंटर के साथ स्पेशल केबल मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी भी है। जब कोई कंपनी पहली बार अपने शेयर्स को आम लोगों के लिए जारी करती है तो इसे इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी IPO कहते हैं। कंपनी को कारोबार बढ़ाने के लिए पैसे की जरूरत होती है। ऐसे में कंपनी बाजार से कर्ज लेने के बजाय कुछ शेयर पब्लिक को बेचकर या नए शेयर इश्यू करके पैसा जुटाती है। इसी के लिए कंपनी IPO लाती है।

# चूल्हे-चौके से आगे निकल शौकिया शुरू किया यह काम, अब लाखों की कमाई, क्या है कारोबार?



**नई दिल्लीः** रानी सनी गृहिणी से उद्यमी बनी हैं। वह केरल के इडुक्की की रहने वाली हैं। उनका सालाना कारोबार 12 लाख रुपये का है। 2018 में कुदुम्बश्री के अमृतम न्यूट्रीमिक्स के एक ट्रेनिंग प्रोग्राम ने उनकी जिंदगी बदल दी। यह कार्यक्रम कटहल से वैल्यू ऐडेड प्रोडक्ट्स बनाने पर था। ट्रेनिंग लेने के बाद रानी ने 'ईडन जैकफ्रूट प्रोडक्ट्स' नाम से अपना उद्यम शुरू किया। रानी ने शौक-शौक में इसकी शुरुआत की थी। यह अब एक फलते-फूलते व्यवसाय में बदल गया है। वह कटहल से कई तरह के प्रोडक्ट्स बनाती हैं। आइए, यहां रानी सनी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। रानी सनी तीन बच्चों की मां हैं। वह ज्यादा पढ़ाई नहीं कर पाईं। उनका इलाका इलायची की खेती के लिए मशहूर है। क्षेत्र के अन्य किसानों की तरह उनके परिवार के लोग भी छोटे इलायची के पेड़ों को छाया देने के लिए कटहल के पेड़ उगाते थे। हरेक पेड़ से 10 से 50 कटहल मिलते थे। लेकिन, वे उन्हें फेंक देते थे। कारण था कि उन्होंने कभी नहीं सोचा कि उनसे मुनाफा कमाया जा सकता है। रानी अपने घर के पीछे 4.5 एकड़ जमीन पर इलायची और जैकफ्रूट (कटहल) के बागों के बीच यही सब देखते हुए पली-बढ़ीं।

**ऐसे हुई कारोबार की शुरुआत** 2017 में प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद रानी सनी को कटहल उत्पादों के व्यवसाय की संभावना का एहसास। रानी हमेशा से एक स्टार्टअप शुरू करना चाहती थीं। जब उनकी बेटियां बड़ी हो गईं तो उन्होंने चूल्हे-चौके से आगे निकलकर सोचा कि यह उनके सपने को साकार करने का समय है। सेटअप के निर्माण, मशीनरी खरीदने इत्यादि के लिए 25 लाख रुपये की शुरुआती पूंजी और अपने पति के साथ बेटियों के सहयोग से उन्होंने अपना व्यवसाय शुरू किया।

व्यवसाय शुरू करने से पहले रानी ने बाजार का जायजा लिया। पहले उन्होंने 25 किलो कटहल खरीदा, सुखाया और उसके प्रोडक्ट्स बनाकर बेचे। वे हाथोंहाथ बिक गए। फिर उन्होंने 100 किलो कटहल के साथ यही प्रयोग किया। यह भी सफल रहा। रानी सनी ने सूखे जैकफ्रूट (कटहल) से लेकर सूखे जैकफ्रूट पाउडर, फ्रोजन टेंडर जैकफ्रूट, होलसम जैकफ्रूट पाउडर, ड्राइड जैकफ्रूट सीड्स, ड्राइड जैकफ्रूट सीड पाउडर, जैकफ्रूट पल्प जैसे कई नए उत्पाद विकसित किए। बाद में उन्होंने कटलेट, बर्गर पैटी, सप्लीमेंट्स आदि भी बनाए।

**10 लोगों को दी हुई है नौकरी** बचपन में रानी को कटहल से बने व्यंजन बहुत पसंद थे। उनकी मां कटहल से चिप्स भी बनाती थीं, जिसका स्वाद केले के चिप्स से भी अच्छा होता है। रानी ने कला में अपनी स्नातक की डिग्री बीच में ही छोड़ दी और कम उम्र में ही गृहिणी बन गईं। हालांकि, एक व्यवसाय के मालिक होने का उनका बचपन का जुनून कभी कम नहीं हुआ। वह अब सफल उद्यमी बन चुकी हैं। रानी लगभग 20 पड़ोसियों से कटहल खरीदती हैं। उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य देती हैं।

# FY25 की तीसरी तिमाही में HCL-टेक का मुनाफा 5.54% बढ़ाःरेवेन्यू 5.07% बढ़कर 29,890 करोड़ रहा

**मुंबई** IT कंपनी HCL टेक का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही (Q3FY25) में कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध-मुनाफा सालाना आधार (YoY) पर 5.54% बढ़कर 4,591 करोड़ रुपए हो गया है। पिछले साल इसी तिमाही (Q3FY24) में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 4,350 करोड़ रुपए रहा था। वहीं पिछली तिमाही (Q2FY25) में यह 4,235 करोड़ रुपए रहा था। यानी तिमाही आधार (QoQ) पर कंपनी का नेट प्रॉफिट 8.40% बढ़ा है। HCL ने सोमवार (13 जनवरी) को Q3FY25 यानी वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। **HCL टेक ने 18 रुपए का लाभांश देने का किया ऐलान** HCL टेक के बोर्ड ने शेयरधारकों को प्रति शेयर 18 रुपए के अंतरिम डिविडेंड (लाभांश) को भी मंजूरी दी है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे डिविडेंड कहते हैं। **HCL टेक का रेवेन्यू 5.07% बढ़कर 29,890 करोड़ रहा** तीसरी तिमाही में HCL टेक का रेवेन्यू सालाना आधार पर 5.07% बढ़कर 29,890 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की समान तिमाही में 28,446 करोड़ रुपए रहा था। वहीं पिछली तिमाही (Q2FY25) में कंपनी का रेवेन्यू 28,862 करोड़ रुपए था। यानी Q2FY25 की तुलना में Q3FY25 में कंपनी का रेवेन्यू 3.56% बढ़ा है। **HCL टेक के शेयर ने एक साल में 24.35% का रिटर्न दिया** रिजल्ट से पहले HCL का शेयर आज 1.01% की गिरावट के साथ 1,975 रुपए पर बंद हुआ। HCL टेक के शेयर ने पिछले 5 दिन में 0.35%, 1 महीने में 0.31%, 6 महीने में 25.83% और एक साल में 24.35% का रिटर्न दिया है। केवल इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक की बात करें तो कंपनी के शेयर ने 2.71% का रिटर्न दिया है। कंपनी की मार्केट वैल्यू 5.37 लाख करोड़ रुपए है।

# सरकार का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 15.9% बढ़ाःवित्त वर्ष-25 में अब तक 16.89 लाख करोड़ रहा, 3.74 लाख करोड़ का टैक्स रिफंड जारी किया

**नई दिल्ली** भारत सरकार का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन चालू वित्त वर्ष-2024-25 में 15.9% बढ़कर 16.89 लाख करोड़ रुपए हो गया है। पिछले साल इसी अवधि में यह 14.58 लाख करोड़ रुपए रहा था। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 13 जनवरी (सोमवार) को इस बात की जानकारी दी।

सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स (CBDT) ने बताया कि 12 जनवरी तक 16.89 लाख करोड़ रुपए का नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन हुआ है। जिसमें 7.68 लाख करोड़ रुपए का कॉर्पोरेट टैक्स (नेट ऑफ रिफंड), 8.74 लाख करोड़ रुपए का नॉन-कॉर्पोरेट टैक्स और 44,538 करोड़ रुपए का सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (नेट ऑफ रिफंड), शामिल है। सरकार ने 12 जनवरी तक 3.74 लाख करोड़ रुपए का डायरेक्ट टैक्स रिफंड जारी किया, जो 2023-24 की इसी अवधि की तुलना में 42.49% की ग्रोथ है। वहीं नॉन-कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन में एडवांस टैक्स में 21.5% की ग्रोथ हुई। कॉर्पोरेट टैक्स में सिर्फ 8% की ग्रोथ हुई है। टैक्स कलेक्शन महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सरकार को अपने फिस्कल डेफिसिट टारगेट को पूरा करने में मदद करता है। केंद्र ने जुलाई के बजट में वित्त वर्ष 25 के लिए 4.9% फिस्कल डेफिसिट का टारगेट तय किया है। रिफंड को एडजस्ट करने से पहले ग्रॉस बेसिस पर डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 12 जनवरी तक 20.64 लाख करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में 19.9% की ग्रोथ थी।

# यह रेलगाड़ी है या बैलगाड़ी? टिकट वाले यात्रियों के लिए जगह ही नहीं, जानवरों का चारा ढो रहे हैं लोग





महानगरों में जन्म लेने वाले अमीर-उमरा व्यक्ति तो अक्सर हवाई जहाज से ही सफर करते हैं। कभी मजबूरी में ट्रेन से सफर करनी पड़े तो वे वंदे भारत एक्सप्रेस (Vande Bharat Express) या फिर राजधानी और शताब्दी एक्सप्रेस से नीचे नहीं उतरते हैं। ऐसे में वे जान नहीं पाते हैं कि भारतीय ट्रेनों में लोग कैसे-कैसे हालात में सफर करते हैं। बिहार के ट्रेन में आप जाएं तो आपको ट्रेन में लोग उपले-कंडे से लेकर पुआल और जंगली पेड़ या झाड़ी तक ढोते नजर जाएंगे। आज हम बात कर रहे हैं इसी बारे में...

**रेलगाड़ी दिखती है बैलगाड़ी** हम बिहार में चलने वाली पैसेंजर ट्रेन की बात कर रहे हैं। बिहार के अधिकतर इलाकों में आज देखें तो ट्रेन में गोइठा-कंडा, जंगल से काटी गई जलावन की लकड़ी, धान का पुआल और यहां तक कि बकड़ी-भेड़ तक की ढुलाई ट्रेनों से होती है। ऐसे में टिकट खरीद कर चलने वाले पैसेंजर्स को ट्रेन में सवार होने के लिए इस डिब्बे से उस डिब्बे तक भटकना पड़ता है। पूर्व रेलवे (Eastern Railway) के मालदह डिवीजन के जमालपुर-भागलपुर-साहेबगंज रेल खंड में चलने वाले एक पैसेंजर ट्रेन या सवारी गाड़ी की है। यह ट्रेन जमालपुर जंक्शन से भागलपुर के बीच चलती है। यह जमालपुर से सुबह 10 बज कर 50 मिनट में चलती है। इस ट्रेन में आपको पुआल का बोझा, जंगली झाड़ियों को काट कर बनाया बोझा लगभग हर डिब्बे में दिख जाएगा।

**लकड़ी का क्या होता है** जमालपुर से ट्रेन में लकड़ी का एक बोझा चढ़ाने वाली सितिया देवी ने बताया कि वे जमालपुर के काली पहाड़ी से लकड़ी काट कर लाती हैं। उसे ट्रेन से गनगनिया तक लेकर जाना है। इस झाड़ी की लकड़ी का क्या होगा, इस पर सितिया देवी बताती हैं कि इसका उपयोग जलावन के रूप में होगा। इससे खाना बनाया जाएगा। वह बताती हैं कि जाड़े के दिनों में ही इसे काट कर जमा करती हैं ताकि कुछ महीने तक ईंधन की समस्या हल हो जाए। **पुआल भी लेकर चलते हैं लोग** पुआल भी लेकर चलते हैं लोग इस ट्रेन में आपको हर डिब्बे में पुआल का बोझा भी दिखेगा। पुआल का बोझा ले जाने वाले रामटहल मंडल ने बताया कि वे उरैन के पास लय-पवय से पुआल का बोझा खरीदते हैं। वहां यह सस्ता मिलता है। इसे लेकर अपने घर जाएंगे। इसे अपने गाय-बैलों को खिलाएंगे। रामटहल बताते हैं कि सुबह चार बजे ही घर से निकल कर पुआल खरीदने जाते हैं। **क्या टिकट लेकर चलते हैं ये?** रेलगाड़ी को बैलगाड़ी बनाने वाले पैसेंजर्स रेलवे के लिए एक तरह से बोझ हैं। क्योंकि वे बेटिकट यात्री की तरह चलते हैं। वह रेलवे का टिकट नहीं लेते। लेकिन आप रेलवे सिस्टम में तो ऐसे चल नहीं सकते। यदि आपने ट्रेन में आपने कुछ बड़ा या भारी सामान चढ़ाया है तो आपको कुछ रुपये तो देने ही होंगे। ये रुपये वसूलने वाले ट्रेन के डिब्बे में अचानक ही प्रकट हो जाते हैं। इन्हें कौन रखता है, इस बात का खुलासा तो रेलवे ही कर सकता है।

# बीवी भाग जाएगी, बीवी खूबसूरत है, बीवी निहारती है... 90 घंटे काम की बहस में इन दिग्गजों ने क्या-क्या बोला?

**यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस के तेल खरीदना बंद कर दिया था। इसके बाद रूस ने भारत और चीन को डिस्काउंट पर तेल सप्लाई करना शुरू किया। आज भारत का सबसे बड़ा ऑयल सप्लायर रूस ही है। लेकिन अमेरिका के नए प्रतिबंधों के कारण भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।**



**नई दिल्लीः** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमत में करीब 10 महीने से कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन जल्दी ही यह स्थिति बदल सकती है। इसकी वजह यह है कि रूस पर अमेरिका का ताजा प्रतिबंधों के कारण भारत को मिल रहा डिस्काउंट खत्म हो सकता है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बताया कि रूसी तेल पर अमेरिकी सरकार के प्रतिबंधों का असर भारतीय आयात पर दो महीने में देखने को मिलेगा। सबसे खराब स्थिति में भारत को रूसी तेल पर मिल रही छूट खत्म हो सकती है। केंद्र सरकार ने पिछले साल लोकसभा चुनावों से पहले 4 मार्च को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की कमी की थी। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है। देश अपनी जरूरत का 87% कच्चा तेल आयात करता है। हाल के वर्षों से रूस से कच्चे तेल के आयात में भारी बढ़ोतरी हुई है।

शुक्रवार को बाइडन एडमिनिस्ट्रेशन ने रूसी तेल उत्पादक कंपनियों Gazprom Neft और Surgutneftegaz के साथ-साथ करीब 180 तेल टैंकरों पर नए प्रतिबंध लगा दिए। इसका मतलब है कि इन दो कंपनियों से तेल खरीदने वाले या प्रतिबंधित टैंकरों से तेल की डिलीवरी करवाने वाले देश या व्यक्त पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अब तक रूसी एनर्जी सेक्टर पर अमेरिकी प्रतिबंधों का ज्यादा असर नहीं रहा है। भारत या रूसी तेल खरीदने वाले अन्य देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध नहीं लगाए गए हैं। रूसी तेल के प्रतिबंधित खरीदारों के डॉलर में भुगतान करना, अमेरिका में फंड जुटाना और अमेरिकी कंपनियों के साथ व्यापार करना मुश्किल होगा। **डिस्काउंट खत्म होगा** Gazprom भारत के लिए एक अहम सप्लायर है जबकि रोसनेफ्ट सबसे बड़ा सप्लायर है। Surgutneftegaz से आपूर्ति नहीं के बराबर है। भारतीय रिफाइनर रूसी सप्लाई के लिए ट्रेडर्स पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यही वजह है कि टैंकरों पर प्रतिबंध Gazprom पर प्रतिबंधों की तुलना में ज्यादा घातक हैं। नए प्रतिबंधों के कारण खरीदारों को पहले से किए गए सौदों को पूरा करने के लिए 12 मार्च तक का समय मिला है। अधिकारी ने कहा कि रूस पर अमेरिका के ताजा प्रतिबंधों से निश्चित रूप से भारत के लिए सप्लाई पर असर होगा। इसका असर दो महीने बाद दिखाई देगा। सबसे खराब स्थिति में भारत के लिए रूसी तेल पर मिल रहा डिस्काउंट खत्म हो जाएगा। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत रूस से बड़ी मात्रा में डिस्काउंट पर कच्चा तेल खरीद रहा है। अधिकारी ने कहा कि संभव है कि प्रतिबंध की जद में नहीं आने वाला कच्चा तेल जी-7 देशों की मूल्य सीमा $60 प्रति बैरल से कम पर बेचा जाना शुरू हो जाएगा। इससे उसकी पश्चिमी शिपिंग और बीमा तक पहुंच हो जाएगी। इस तरह बाजार हमारे लिए तेल लाने का एक तरीका खोज सकता है। अधिकारी ने कहा, 'बाजार अभी भी यह समझ नहीं पा रहा है कि इसका असल में क्या मतलब है।' उन्होंने कहा कि इसका पूरा असर कई कारकों पर निर्भर करेगा। इसमें राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप की वापसी, रूस का रिस्पॉन्स और प्रतिबंधों पर बाजार की प्रतिक्रिया शामिल है। बढ़ेगी पेट्रोल-डीजल की कीमत! सूखने वाली है रूसी डिस्काउंट की टंकी, 6 महीने के टॉप पर कच्चा तेल अधिकारी ने कहा कि भारतीय रिफाइनर 12 मार्च के बाद रूसी सप्लाई पर पड़ने वाले संभावित असर की भरपाई के लिए वैकल्पिक आपूर्ति की तलाश कर रहे हैं। भारतीय रिफाइनर स्पॉट मार्केट से रूसी कच्चा तेल खरीदते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज ने हाल ही में रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए एक बड़ी डील की है। अधिकारी ने कहा कि स्पॉट बायर जल्दी ही वैकल्पिक विकल्पों पर स्विच कर लेंगे, जबकि टर्म डील खरीदारों के पास वॉल्यूम को रिवाइज करने या डील खत्म करने का विकल्प होगा। इस बीच कच्चे तेल की कीमत पिछले एक सप्ताह में लगभग 5 डॉलर बढ़कर 81 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई हैं। यह अगस्त के बाद इसका सबसे उच्च स्तर है। हालांकि अधिकारी ने कहा कि कच्चे तेल की कीमत में तेजी टिकाऊ नहीं हैं क्योंकि वैश्विक स्तर पर पर्याप्त अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध है। अधिकारी ने कहा कि अमेरिका, कनाडा, ब्राजील और गुयाना से अतिरिक्त आपूर्ति रूस से किसी भी आपूर्ति पर पड़ने वाले असर को कम करने में मदद कर सकती है।

# सोने की खदान बन गई कब्रिस्तान, इस देश में भूखे-प्यासे मारे गए 100 से ज्यादा मजदूर, वीडियो देख दहल जाएंगे




**दक्षिण अफ्रीका में सोने की खदान में भयावह घटना सामने आई है। जोहांसबर्ग से महज 145 किलोमीटर की दूरी पर एक अवैध खदान में लगभग 100 श्रमिक भूख और प्यास के चलते मारे गए हैं। अधिकारियों ने बीते साल ही इन श्रमिकों के लिए भोजन और पानी की सप्लाई रोक दी थी।**

**जोहांसबर्गः** दक्षिण अफ्रीका में एक अवैध सोने की खदान में कार्रवाई के दौरान हैरान करने वाली चीजें सामने आई हैं। सोमवार को जब खदान में फंसे लोगों को बचाने के लिए अभियान शुरू हुआ तो वहां के हालात देखकर अधिकारी और बचाव दल हैरान रह गया। खदान में अवैध रूप से काम पर लगाए लोग वहां महीनों से जमीन के अंदर रह रहे थे। एक वीडियो में शवों को अस्थायी बॉडी बैग में लपेटा दिखाया गया है। खनन स्थल से कुछ और वीडियो सामने आए हैं, जिनमें कुछ खनिक बेहद कमजोर हालत में दिखाई दे रहे हैं, जो अभी भी जिंदा हैं। दरअसल, पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ देश व्यापी अभियान शुरू किया था, जिसके बाद से इन सभी ने भूमिगत शरण ले रखी थी।

**रोक दी गई थी भोजन और पानी की सप्लाई** बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने पिछले साल भोजन, पानी और दवाइयों की आपूर्ति यह कहते हुए रोक दी थी कि खनिक जानबूझकर और बिना मंजूरी के शाफ्ट में घुसे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि जोहांसबर्ग से लगभग 145 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित खदान में कार्रवाई शुरू होने के बाद 100 से अधिक अवैध खनिक जमीन के अंदर मारे गए हैं। अधिकारियों ने अभी तक इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है।

**वीडियो में दिखी खनन के अंदर की भयावहता** बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, वीडियो को एक ट्रेड यूनियन जनरल इंडस्ट्रीज वर्कर्स ऑफ साउथ अफ्रीका ने जारी किया है। वीडियों में दर्जनों पुरुष एक गंदे फर्श पर बैठे हैं। उनके चेहरे ब्लर कर दिए गए हैं। इसमें एक आदमी को कहते सुना जा सकता है कि 'हम आपको उन लोगों के शव दिखाने जा रहे हैं, जो जमीन के अंदर मर गए।... क्या आप देख रहे हैं कि लोग कैसे संघर्ष कर रहे हैं। कृपया हमें मदद कीजिए।' **भूख से मारे गए लोग**

एक अन्य वीडियो में एक आदमी को कहते सुना जा सकता है, 'ये भूख है। लोग भूख के चलते मर रहे हैं।' फिर वह बताता है कि 96 लोग मर चुके हैं और मदद की अपील करता है। यूनियन का दावा है कि ये वीडियो शनिवार को शूट किए गए थे। यूनियन ने सोमवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में इसे भयावह बताते हुए नरसंहार कहा और अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया।

# तिब्बत में फिर आया 5 तीव्रता का भूकंप, धरती में 10 किमी गहराई पर था केंद्र, बड़ी तबाही टली

***तिब्बत में सोमवार को फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5 मापी गई। भूकंप का केंद्र पृथ्वी के अंदर 10 किमी की गहराई में था। इससे पहले 8 जनवरी को तिब्बत में आए 6.8 तीव्रता के भूकंप में 126 लोग मारे गए थे।***

***बीजिंगः*** *चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे के डिंगरी काउंटी में सोमवार रात 5.0 तीव्रता का भूकंप आया।चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार रात 8:58 बजे पवित्र शहर शिगाज़े के आसपास के क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने सीईएनसी के हवाले से बताया कि भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था।* ***8 जनवरी के भूकंप में 126 लोगों की मौत*** *इसी क्षेत्र में आठ जनवरी को 6.8 तीव्रता का भूकंप आया था जिसमें 126 लोग मारे गए थे और 188 अन्य घायल हो गए थे। चीन ने इलाके में बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान शुरू किया है। आठ जनवरी के भूकंप के बाद, इस क्षेत्र में 640 से अधिक झटके महसूस किए गए।* ***तिब्बत में बचाव कार्य जारी*** *वहीं, चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि तिब्बत के भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में आपदा राहत कार्य सुचारू रूप से चल रहा है और उसे प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए 'कठिन लड़ाई' जीतने का भरोसा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि बचावकर्मियों ने उच्च ऊंचाई वाले पठार पर कड़ाके की ठंड और कम ऑक्सीजन के स्तर का सामना करते हुए, फंसे हुए लोगों को खोजने और बचाने के लिए कड़ी मशक्कत की। उन्होंने भारत में स्थित निर्वासित तिब्बती सरकार के उस आह्वान की भी आलोचना की, जिसमें चीनी सरकार से पुनर्निर्माण के दौरान तिब्बती लोगों की पारंपरिक जरूरतों और मौलिक अधिकारों को ध्यान में रखने को कहा गया है। जियाकुन ने कहा कि 'निर्वासित तिब्बती सरकार' एक शुद्ध अलगाववादी राजनीतिक समूह है और दुनिया के किसी भी देश ने इसे मान्यता नहीं दी है।*

# एलन मस्क को मात देना चाहते थे अरबपति जेफ बेजोस, अंतरिक्ष पर राज करने के सपने को बड़ा झटका




*वॉशिंगटनः अमेजन के संस्थापक और एक्जीक्यूटिव चेयरमैन जेफ बेजोस के अंतरिक्ष मिशन को तगड़ा झटका लगा है। दरअसल, जेफ बेजोस द्वारा 2000 में स्थापित रॉकेट कंपनी ब्लू ओरिजिन ने अपने नए 30-मंजिला न्यू ग्लेन रॉकेट को जमीन से उड़ाने के अपने पहले प्रयास को रद्द कर दिया है। कंपनी ने तीन घंटे की लॉन्च विंडो के दौरान रॉकेट को लॉन्च करने की तैयारी की थी। इसे सोमवार को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फ़ोर्स स्टेशन से सुबह 1 बजे ईटी पर लॉन्च किया जाना था। लेकिन, इस इवेंट के लाइवस्ट्रीम के दौरान कंपनी ने खुलासा किया कि इंजीनियरों को रॉकेट में कुछ तकनीकी खराबी मिली है, जिन्हें लॉन्चिंग से पहले सही करने के प्रयास किए जा रहे हैं।* ***ब्लू ओरिजिन ने लॉन्च रद्द करने का ऐलान किया*** *कंपनी ने तुरंत यह साझा नहीं किया कि इंजीनियर न्यू ग्लेन रॉकेट में किन समस्याओं को ठीक करना चाहते थे। ब्लू ओरिजिन के इन-स्पेस सिस्टम के उपाध्यक्ष एरियन कॉर्नेल ने कहा, 'हम व्हीकल सबसिस्टम समस्या का निवारण करने के लिए आज के लॉन्च प्रयास से पीछे हट रहे हैं।' यह भी स्पष्ट नहीं है कि ब्लू ओरिजिन कब एक और लॉन्च प्रयास कर सकता है। कॉर्नेल ने कहा कि अगला कदम न्यू ग्लेन रॉकेट से ईंधन निकालना है। कंपनी ने रविवार देर शाम वाहन के ईंधन टैंकों को प्रणोदक से भरना शुरू कर दिया - जिसमें तरल मीथेन, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन शामिल हैं।* ***नई लॉन्च तारीख के बारे में जल्द होगा ऐलान*** *कॉर्नेल ने कहा, 'वहां से, हम आकलन करने जा रहे हैं ... वे कौन सी चीजें हैं जो हम अपने डाउनटाइम में करना चाहते हैं? और यही वह चीज है जो अगले लॉन्च अवसर को निर्देशित करेगी।' सोमवार की सुबह एक समय पर, उल्टी गिनती की घड़ी ने उड़ान भरने से 10 मिनट से भी कम समय दिखाया, लेकिन ब्लू ओरिजिन ने एन वक्त पर समय को थोड़ा और बढ़ा दिया, क्योंकि कंपनी के इंजीनियर न्यू ग्लेन रॉकेट में आए समस्याओं को दूर करने के लिए काम कर रहे थे। अंत में जब समस्याओं का समाधान नहीं हो सका तो लॉन्च विंडो को सुबह 4 बजे ईटी पर बंद कर दिया गया। न्यू ग्लेन रॉकेट के लिए पहले लिफ्टऑफ को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे कंपनी को प्रचुर मात्रा में डेटा मिलने और वैश्विक सैटेलाइट लॉन्च उद्योग में अपनी जगह बनाने में सहूलियत मिल सकती है। न्यू ग्लेन ब्लू ओरिजिन द्वारा विकसित पहला रॉकेट है जिसका उद्देश्य उपग्रहों को कक्षा में भेजने में सक्षम होना है। यह एक ऐसी उपलब्धि होगी जो सैटेलाइट लॉन्च बाजार में एलन मस्क के स्पेसएक्स के लंबे समय से चले आ रहे प्रभुत्व को चुनौती देने की उम्मीद करने वाली किसी भी कंपनी के लिए आवश्यक होगी। ब्लू ओरिजिन के न्यू ग्लेन रॉकेट का परीक्षण उस वक्त टला है, जब दो मून लैंडर को ले जाने के लिए एलन मस्क का स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरने के लिए तैयार है। कैनेडी स्पेस सेंटर केप कैनावेरल के नजदीक ही स्थित है, जहां से न्यू ग्लेन को उड़ान भरनी थी।*

# मलाला की अफगान तालिबान के खिलाफ एक्शन की अपीलः मुस्लिम लीडर्स से कहा- अफगान लड़कियों का भविष्य छिन जाएगा



**इस्लामाबाद** OIC की तरफ से पाकिस्तान में मुस्लिम लड़कियों की शिक्षा पर आयोजित कार्यक्रम में मलाला समेत कई देशों के मुस्लिम लीडर्स ने हिस्सा लिया। तस्वीर-सोशल मीडिया नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने रविवार पाकिस्तान में मुस्लिम लड़कियों की शिक्षा पर आयोजित एक सम्मेलन में भाग लिया। CNN के मुताबिक इस दौरान उन्होंने मुस्लिम नेताओं से लैंगिक भेदभाव को इंटरनेशनल कानून के तहत अपराध बनाने की अपील की। इसके साथ ही मलाला ने अफगान महिलाओं के हालात के लिए तालिबान की निंदा की। मलाला ने कहा कि मुस्लिम नेताओं को तालिबान की नीतियों के खिलाफ आगे आना चाहिए। उन्होंने लड़कियों को स्कूल और यूनिवर्सिटी जाने से रोक दिया है। तालिबान के दमनकारी कानूनों को खुले तौर पर चुनौती देते हुए उनकी निंदा की जानी चाहिए। अफगानिस्तान में लड़कियों की एक पूरी पीढ़ी का भविष्य छीन लिया जाएगा। मुस्लिम नेता के तौर पर अब वक्त है कि आप सभी अपनी आवाज उठाएं और ताकत का इस्तेमाल करें। इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) और मुस्लिम वर्ल्ड लीग द्वारा आयोजित इस शिखर सम्मेलन में मुस्लिम देशों के दर्जनों मंत्री और एक्सपर्ट्स शामिल हुए। इस समिट का आयोजन पाकिस्तान में किया गया।

मलाला में सम्मेलन में लैंगिक भेदभाव के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय कानून बनाने की अपील की। मलाला ने कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान महिलाओं को इंसान नहीं मानता है। उसकी नीतियों में कुछ भी इस्लामी नहीं है। तालिबान उन महिलाओं और लड़कियों को सजा देता है जो उनके कानून को तोड़ने की हिम्मत दिखाती हैं। तालिबान अपने अपराधों को मजहब के पीछे छुपाता है, लेकिन हकीकत में उसकी नीतियां हमारी आस्था के एकदम उलट है। उन्होंने अफगानिस्तान में लैंगिक रंगभेद की व्यवस्था बना दी है। मलाला ने मुस्लिम नेताओं से तालिबान को वैधता नहीं देने की अपील की। गाजा में जारी युद्ध पर नोबेल विजेता ने कहा कि इजराइल ने गाजा ने पूरी शिक्षा व्यवस्था को तबाह कर दिया। उन्होंने 90% से ज्यादा स्कूलों को बर्बाद कर दिया, यूनिवर्सिटीज पर बमबारी की गई। लोगों पर अंधाधुंध हमले किए गए। इजराइल अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहा है, मैं इसकी निंदा करती रहूंगी।

# पाकिस्तान में 47 साल में दूसरी बार लोहड़ी मनाई गईःजनरल जिया-उल-हक ने बंद कराई थी; गद्दाफी स्टेडियम में पंजाबियों ने भांगड़ा किया



**अमृतसर** भारत के साथ पाकिस्तान के लहंदा पंजाब (पश्चिमी पंजाब) में भी सोमवार को लोहड़ी का त्योहार मनाया गया। यह 47 साल में दूसरा मौका है, जब पंजाबी कम्युनिटी के लोगों ने पाकिस्तान में लोहड़ी पर आग जलाई और भांगड़ा किया। लोग लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में त्योहार मनाने के लिए पहुंचे थे। साल 1978 में जनरल जिया-उल -हक के सत्ता संभालने के बाद पाकिस्तान में लोहड़ी का त्योहार मनाना बंद किया गया था। यह त्योहार राय अब्दुल्ला खान भट्टी (दुल्ला भट्टी) के नाम से जुड़ा है। लोहड़ी के गीत में भी दुल्ला भट्टी के नाम का जिक्र है। दुल्ला भट्टी को आजादी से पहले पंजाब का मुस्लिम रॉबिन हुड कहा जाता था। साल 1947 में विभाजन के बाद, मुस्लिम बहुल पश्चिमी पंजाब में दुल्ला भट्टी लगभग भुला दिए गए, लेकिन भारत में आज भी लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है। अब पाकिस्तान में रह रही पंजाबी कम्युनिटी ने पिछले साल से लोहड़ी दोबारा मनानी शुरू की है। लोहड़ी पर गद्दाफी स्टेडियम में भांगड़ा करते युवा।

लोहड़ी का त्योहार मनाने के लिए गद्दाफी स्टेडियम में आग भी जलाई गई थी। लोहड़ी का त्योहार मनाने के लिए गद्दाफी स्टेडियम में आग भी जलाई गई थी। महिलाओं, बुजुर्ग और बच्चों ने भी भांगड़ा किया। महिलाओं, बुजुर्ग और बच्चों ने भी भांगड़ा किया। पाकिस्तानी इतिहासकार अली उस्मान बाजवा ने कहा कि बैसाखी और लोहड़ी पंजाब के सांस्कृतिक त्योहार हैं। इन त्योहारों का न मनाना हमारे इतिहास से अलगाव के समान है। जनरल जिया-उल -हक के सत्ता संभालते ही पाकिस्तान में लोहड़ी का त्योहार मनाना बंद कर दिया गया। उन्होंने कई बदलाव किए, जिनसे बैसाखी और लोहड़ी पर असर पड़ा।

# भारत ने बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर को तलब किया:कहा- सीमा पर फेंसिंग प्रोटोकॉल के तहत; बांग्लादेश ने बॉर्डर पर फेंसिंग को अवैध बताया था



**नई दिल्ली** बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर भारतीय विदेश मंत्रालय के साउथ ब्लॉक से बाहर निकलते हुए। भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के विवाद को लेकर भारत ने सोमवार को बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नुरूल इस्लाम को तलब किया। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक भारत ने नुरूल इस्लाम से कहा कि सीमा पर फेंसिंग प्रोटोकॉल के तहत हो रहा है और इसमें दोनों देशों के बीच हुए समझौते का पालन किया गया है।

भारत ने बताया कि सीमा सरहद पर किए जा रहे सुरक्षा उपायों में तकनीकी डिवाइस लगाना, बॉर्डर पर लाइटिंग, मवेशियों को रोकने के लिए कटीले तार लगाना शामिल हैं। भारत सरकार ने इस दौरान सीमा पार से हो रही तस्करी का भी मुद्दा उठाया। इससे पहले रविवार को बांग्लादेश ने भारतीय हाईकमिश्नर को समन किया था। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने भारतीय हाईकमिश्नर प्रणय वर्मा को बुलाकर बॉर्डर पर BSF की तरफ से की जा रही फेंसिंग (बाड़) को अवैध कोशिश बताया था। बांग्लादेश ने आरोप लगाया कि भारत बॉर्डर को लेकर द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए बॉर्डर पर पांच स्थानों पर फेंस लगाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया है। भारतीय हाई कमिश्नर ने बैठक के बाद कहा कि दोनों देशों में सिक्योरिटी के मुद्दे पर बाड़ लगाने की सहमति है। दोनों देशों के सुरक्षा बलों (BSF और BGB) ने इस मुद्दे पर बात भी की है।

**बांग्लादेश के गृहमंत्री ने विरोध जताया** रविवार को बांग्लादेश के गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने कहा था कि बांग्लादेश अपनी सीमा पर किसी को कोई जगह नहीं देगा। उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर जीरो लाइन के भीतर 150 गज के भीतर डिफेंस से जुड़े किसी भी तरह के कामकाज की अनुमति नहीं दी जाएगी। जहांगीर आलम के मुताबिक बांग्लादेश और भारत के बीच हुए करार 'बांग्लादेश-भारत संयुक्त सीमा निर्देश-1975' के मुताबिक दोनों देशों की जीरो लाइन के 150 गज के भीतर रक्षा मामले से जुड़े किसी भी तरह के कार्य करने पर प्रतिबंध है। इसके लिए दोनों देशों की सहमति जरूरी है।

भारत और बांग्लादेश के बीच 4,156 किमी सीमा है। इसमें से 3271 किमी पर भारत ने बाड़ लगा दी है, लेकिन 885 किमी सीमा पर यह काम बाकी है। जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि भारत ने 2010 से लेकर 2023 तक 160 जगहों पर फेंसिंग का काम किया था। 10 जनवरी से BSF ने फिर से यह काम शुरू किया, इसमें 5 जगहों पर विवाद शुरू हो गया। यह विवाद चपैनवाबगंज, लालमोनिरहाट में तीन बीघा कॉरिडोर, नौगांव में पटनीताला, फेनी, कुशितया और कुमिला में हुआ।

# साउथ अफ्रीका की खदान में 100 मजदूरों की मौतः2 महीने से 400 लोग फंसे थे, भूख-प्यास से जान गई; सोने की अवैध खुदाई का मामला



**जोहान्सबर्ग** सोशल मीडिया पर खदान में फंसे मजदूरों से जुड़े वीडियो वायरल हो रहे हैं। साउथ अफ्रीका में सोने की खदान में फंसे 100 से ज्यादा मजदूरों की मौत हो गई है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, खदान में दो महीने से 400 से ज्यादा मजदूर मौजूद थे। ये सभी खदान में अवैध रूप से सोने की खुदाई करने के लिए उतरे थे। मौके पर राहत बचाव के लिए स्पेशल माइनिंग रेस्क्यू टीम को भेजा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक भूख और प्यास की वजह से मजदूरों को अपनी जान गंवानी पड़ी। अब तक 13 शव बरामद हो चुके हैं। कई लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। रेस्क्यू किए गए मजदूरों के पास से एक सेलफोन मिला, जिसमें 2 वीडियो थे। इन वीडियो में दर्जनों शव पॉलीथीन में लिपटे हुए दिखाई दे रहे हैं।

**पुलिस ने खदान की रस्सियों को हटाया था** खदानों में काम करने वालों मजदूरों से जुड़ी सामाजिक संस्था माइनिंग अफेक्टेड कम्युनिटीज यूनाइटेड इन एक्शन (MACUA) के मुताबिक पिछले साल नवंबर में पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस ने इस खदान को सील करने की कोशिश की थी। इसके लिए मजदूरों से बाहर निकलने के लिए कहा था। गिरफ्तारी के डर के मजदूरों ने खदान से बाहर निकलने से मना कर दिया था। इसके बाद से ये मजदूर खदान में फंसे थे। MACUA के मुताबिक मजदूरों के मना करने के बाद पुलिस ने खदान में अंदर जाने और बाहर निकलने के लिए इस्तेमाल होने वाली रस्सी और पुली को हटा दिया था। इसके बाद मजदूर खदान में फंसे रह गए। साउथ अफ्रीकी अखबार संडे टाइम्स के मुताबिक रेस्क्यू टीम ने एक पिंजरा तैयार किया है, जिसे खदान में 3 किमी नीचे उतारा जा रहा है। इस पिंजरे के मदद से बचे हुए लोगों को पहले बाहर निकाला जा रहा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक किसी जगह सोने का भंडार मिलने के बाद भी उसकी माइनिंग में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए टाइम, फाइनेंशियल रिसोर्स और कई एक्सपर्ट्स की जरूरत होती है। गोल्ड रिजर्व के शुरुआती साक्ष्य मिलने के बाद आगे माइनिंग करने की संभावना 1% से भी कम होती है। यही वजह है कि दुनिया में मौजूद गोल्ड खदानों में से सिर्फ 10% में ही माइनिंग के लिए पर्याप्त सोना है। एक बार जब यह तय हो जाता है कि सोना निकालने के लिए माइनिंग की जा सकती है तो इसके लिए डिटेल में मॉडल तैयार किया जाता है। इस पूरी प्रोसेस में 1 से लेकर 10 साल तक का वक्त लग सकता है। एक बार जब यह तय हो जाता है किसी खदान में गोल्ड की माइनिंग की जा सकती है, तो आगे की खुदाई के लिए खदान को डेवलप किया जाता है। माइनिंग कंपनियां खुदाई की प्रोसेस शुरू करने से पहले परमिट और लाइसेंस के लिए अप्लाई करती हैं। आम तौर पर इस पूरी प्रोसेस में कई साल लग सकते हैं। कागजी कार्यवाही पूरी होने के बाद माइनिंग कंपनियां काम करने वाले वर्कर्स के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करती हैं। इस पूरी प्रोसेस में 1 से 5 साल तक का वक्त लग सकता है। गोल्ड माइनिंग में तीसरी स्टेज सबसे महत्वपूर्ण होती है। आमतौर पर गोल्ड अयस्क के साथ मिलता है। इस स्टेज में अयस्क से सोना अलग किया जाता है।

# कोलेस्ट्रॉल की दवा है तिल, 2 महीने में कम हो सकता है Heart Attack का खतरा, गलती नहीं होने देती फायदा






**पूरी सर्दी में तिल को सुपरफूड माना जाता है। यह गर्मी तो देते ही हैं, मगर हड्डियों को जानदार भी बनाते हैं। इसके अलावा भी कई सारे फायदे मिल सकते हैं, जैसे कि हार्ट अटैक और कोलेस्ट्रॉल का खतरा कम होना। लोगों को इन्हें खाने में गलती नहीं करनी चाहिए।**

तिल को सर्दी में खूब खाया जाता है। जिन लोगों की हड्डियां कमजोर हैं, उन्हें डाइट में इसका नियमित सेवन करना चाहिए। सफेद-काले रंग के यह बीज कैल्शियम से भरे होते हैं। चिंता की बात यह है कि लोग इन ताकतवर बीजों के सारे फायदों से अनजान हैं। वैज्ञानिकों ने देखा है कि तिल से हार्ट अटैक आने का डर कम किया जा सकता है। केवल 2 महीने में दिल को नुकसान पहुंचाने वाली गंदगी कम हो सकती है। मकर संक्रांति पर इस सुपरफूड का इस्तेमाल किया जाता है। इससे ठंडी हवाओं और इंफेक्शन से बचाने में मदद मिलती है। अगर एलर्जी से परेशान कुछ लोगों को छोड़ दिया जाए तो लगभग हर कोई तिल से शरीर को फायदा पहुंचा सकता है। इसके लिए आपको पता होना चाहिए कि कौन सा तिल खाना है और क्या तरीका है? यहीं पर लोगों से गलती हो जाती है और फायदा नहीं मिल पाता। तिल अक्सर दो तरह के आते हैं। एक वो जिनके ऊपर भूसी या छिलका चढ़ा होता है और दूसरे सफेद रंग के छिले हुए तिल। छिलके वाले तिल का रंग हल्का सुनहरा-भूरा होता है। जब इनकी भूसी उतर जाती है तो हल्का सफेद रंग निकलकर आता है। **हार्ट अटैक का कम करे खतरा** लिपिड प्रोफाइल से हृदयघात के खतरे का अंदाजा लगाया जा सकता है। जिन लोगों का लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन और ट्राइग्लिसराइड ज्यादा होता है, उनकी जान को खतरा हो सकता है। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन पर प्रकाशित शोध कहता है कि तिल के बीज लगातार खाने से खराब कोलेस्ट्रॉल में 10 प्रतिशत और ट्राइग्लिसराइड में 8 प्रतिशत कमी आ सकती है। **2 महीने तक इतने तिल खाएं** इस रिसर्च के अंदर प्रतिभागियों को खास तरीके से तिल खिलाए गए। इनकी रोजाना की मात्रा एक जैसी रखी गई। 2 महीने तक करीब 5 चम्मच (करीब 40 ग्राम) की डोज दी गई। जो तिल दिए गए उनकी भूसी उतरी हुई थी। इसके साथ दूसरे घटकों को भी कंट्रोल किया गया, जैसे खानपान, गतिविधि आदि। **फलियों के साथ खाएं तिल** शरीर का दुबलापन, कमजोरी, थकावट आदि से परेशान लोग सेवन जरूर करें। इन समस्याओं को दूर करने के लिए तिल को सही तरीके से खाएं। इनके अंदर लाइसिन नाम के अमिनो एसिड नहीं होता। जो छोले, राजमा जैसी फलियों में होता है। इनके साथ खाने पर एक कंप्लीट प्रोटीन पा सकते हैं। **टूटती-फूटती हड्डियों का इलाज** कैल्शियम के अलावा हड्डियों को जिंक, मैग्नीशियम और मैंगनीज चाहिए। इन हेल्दी सीड्स के अंदर ये सारे पोषक तत्व भारी मात्रा में मिलते हैं। तिल के छिलके में अधिकतर कैल्शियम होता है, इसलिए उसका सेवन करना ना भूलें वरना फायदा नहीं मिल पाएगा। **कहां से मिलेगा फाइबर**? इन बीजों को पेट के लिए बहुत हेल्दी माना जाता है। लेकिन लोग छिलका उतरे तिल खाने की वजह से पूरा फाइबर नहीं ले पाते हैं। छिलके सहित खाना डायजेस्टिव हेल्थ को सुधार सकता है। साथ ही कोलेस्ट्रॉल को भी कम करने में भूमिका निभाता है। **गिनते-गिनते थक जाएंगे फायदे टाइप 2 डायबिटीज पर कंट्रोल मिलेगा ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहेगा विटामिन बी1, बी3 और बी6 की कमी नहीं होगी रक्त कोशिकाएं जल्दी बनेंगी इम्यून सिस्टम हेल्दी बनेगा घुटनों का दर्द कम हो सकता है**

# 'मेरे बच्चों के बाल सफेद हो रहे हैं' जब स्वामी रामदेव से पूछा गया सवाल, बाबा ने बता दिए बाल काले करने के 4 उपाय





**जब बात काले घने बालों की आती है तो हर कोई स्वामी बाबा रामदेव की बात करता है कि 59 की उम्र में भी बाबा के बाल सफेद नहीं हुए हैं। स्वामी रामदेव के काले बालों का योग को ही माना जा सकता है, लेकिन जब किसी ने उन्हें अपने बच्चे के सफेद होते बालों के बारे में बताया तो बाबा ने 4 उपाय बता दिए।**



59 साल में भी जवां, तंदुरुस्त और हट्टे-कट्टे दिखने वाले बाबा रामदेव अपने योग और नेचुरल प्रोडक्ट ब्रांड के लिए तो जाने जाते ही हैं, लेकिन उससे भी ज्यादा लोगों को उनके काले बाल और दाढ़ी आकर्षक करते हैं। हर कोई ये जानना चाहते है कि आखिर बाला अपने बालों पर ऐसा क्या लगाते हैं जो उम्र के इस पड़ाव पर आकर भी उनके बाल काले और घने हैं।

इसका पता उस सवाल से लगाया जा सकता है जब एक आदमी ने स्वामी राम देव से पूछा कि 'मेरे बच्चे छोटे हैं और उनके बाल सफेद हो रहे हैं। इसके लिए क्या करना होगा?' इसके लिए बाबा ने 4 बहुत ही असरदार उपाय बताए, जो बच्चों के साथ-साथ बड़ों के बालों को भी काले होने से बचा सकते हैं। शायद स्वामी रामदेव के काले बालों के पीछे भी यही कुछ उपाय हों। आइए जानते हैं बाबा ने सफेद बालों के लिए क्या 4 उपाय बताए। **कहा सुबह बच्चों को पिलाएं ये जूस** बाबा रामदेव ने पहला उपाय बताते हुए कहा कि 'जिन बच्चों के बाल बचपन में ही सफेद हो जाए उन्हें एक तो आंवला और दूसरा एलोवेरा का जूस पिलाएं।' आपको बता दें कि एक और जहां आंवला बालों को सफेद होने से रोकने और उन्हें काला बनाए रखने का काम करता है वहीं एलोवेरा जेल उन्हें मजबूत, सिल्की और खूबसूरत बनाता है।

**दूसरे उपाय में बताए 2 योगासन** योग हमारी जिंदगी का अभिन्न अंग है और इससे शरीर की कई समस्याओं को हल किया जा सकता है। इसलिए बालों को काला करने के लिए बाबा रामदेव ने एक सर्वांगासन और दूसरा शीर्षासन बताया है। उन्होंने कहा कि बालकों को एक से पांच मिनट तक ये दोनों आसन कराएं। दोनों ही आसन खोपड़ी में ब्लड फ्लो को तेज करेंगे और बालों को सफेद होने से रोकेंगे।

**आहार में शामिल करें हरी सब्जियां** हमारे बाल पोषण की कमी से भी सफेद होने शुरू हो जाते हैं, इसलिए लिए जरूरी है कि आप अपने बच्चों को पौष्टिक आहार खिलाएं। खासकर हरी सब्जियां, क्योंकि बाबा रामदेव का कहना है कि बच्चों को हरी सब्जी खिलाने से भी सफेद बालों की समस्या को ठीक किया जा सकता है। **जब बाबा रामदेव से पूछा गया सफेद बालों के लिए उपाय-**

**पीछे से रगड़ें नाखून** स्वामी रामदेव ने सफेद बालों के उपाय के तौर पर बच्चों को पीछे से नाखून रगड़ने के लिए कहा है। ये एक ऐसी मुद्रा होती है जिसे आप आधी मुट्ठी बनाते हैं और हाथ की उल्टी तरफ से नाखूनों को आपस में जोड़ देते हैं। इसी मुद्रा में नाखूनों को रगड़ा जाता है, जो बाल बढ़ाने और बाल काले करने में फायदेमंद साबित हो सकता है।



# उम्मीद से ज्यादा मिलेगा रिजल्ट, होम्योपैथी डॉ. ने बताया चेहरे पर निखार लाने का नुस्खा, कई समस्याओं का है समाधान



**आज हम आपको चेहरे पर निखार वाले का होम्योपैथी तरीका बताने वाले हैं, जिसे डॉक्टर राजू राम गोयल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि ये रेमेडी आपकी एक्सपेक्टेशन से भी ज्यादा रिजल्ट देगी। तो बिना देर किए आइए जानते हैं फेस पैक बनाने का तरीका।**



हम अपनी त्वचा को निखारने के लिए कई तरह की अंग्रेजी दवाइयों और केमिकल वाले स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, जो ऊपरी तौर पर तो स्किन को साफ कर देते हैं लेकिन अंदर से त्वचा को स्वस्थ नहीं रख पाते हैं। इसके लिए आयुर्वेद या फिर होमेओपेथी का सहारा लिया जाए तो आप अंदर और बाहर दोनों से त्वचा को निखार सकते हैं। अब अगर आप ये सोच रहे हैं कि ऐसे नुस्खा कहां से लाएं तो फिक्र न करें। आज हम आपको इस लेख में होम्योपैथी डॉक्टर राजू राम गोयल का बताया चेहरे पर निखार लाने का बहुत ही असरदार नुस्खा बताने वाले हैं। इसे बनाने के लिए 3 चीजों का इस्तेमाल किया गया है, जो फेस को अपलिफ्ट करने और ग्लो देने का काम करेगा। आइए जानते हैं इस फेस पैक को बनाने का तरीका। (फोटो साभारः इंस्टाग्राम @dr.rajendragoyal)

ये नुस्खा नेचुरल ग्लो को बढ़ाने में मदद करेगा। डॉक्टर ने इस नुस्खे के साथ एक दवा भी बताई है जिसे आप विशेषज्ञ की सलाह के बाद ही उपयोग कर सकते हैं। **फेस पैक बनाने के लिए क्या चाहिए**? **मुल्तानी मिट्टी- 2 चम्मच चंदन- 2 चम्मच गुलाब जल- जरूरत अनुसार** नोट- आप चाहें तो पसंद और जरूरत अनुसार बताई गई सामग्री की मात्रा को बढ़ा घटा सकते हैं और अपने चेहरे के ग्लो को बढ़ा सकते हैं।

**ऐसे तैयार करें फेस पैक सबसे पहले आप एक कटोरी लें और उसमें दो चम्मच मुल्तानी मिट्टी, दो चम्मच चंदन और फिर जरूरत अनुसार गुलाब जल डालकर पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रखें कि गुलाब जल धीरे-धीरे और थोड़ी मात्रा में डालें वरना पैक गीला भी हो सकता है। इसके बाद तैयार पैक को आप अपने चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें।**

जब समय पूरा हो जाए तो फेस वॉश कर लें देखें कैसे आपके चेहरे का रंग साफ हो गया है और पोर्स क्लीन हो गए हैं। आप इस नुस्खे को हफ्ते में हो से तीन बार इस्तेमाल कर सकते हैं और अपने चेहरे की रंगत को बरकरार रख सकते हैं।

**चेहरे पर चंदन लगाने से क्या होता है**? चंदन की तासीर ठंडी होती है इसलिए इस मन को शांत करने के लिए माथे पर लगाया जाता है। साथ ही इसे चेहरे पर लगाने से गर्मी से होने वाले एक्ने और पिंपल्स की समस्या को कम करने में सहायता मिलती है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो चेहरे पर होने वाली सूजन को कम करने और पोर्स को साफ करने में उपयोगी होती है। **गुलाब जल चेहरे पर लगाने के फायदे** गुलाब जल चेहरे पर लगाने के फायदे पानी जैसे दिखने वाले गुलाब जल को कई तरीकों से चेहरे पर इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे टोनर, मेकअप रिमूवल आदि। चेहरे के लिए गुलाब जल के फायदे अनेक हैं, इसमें एंटीसेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल और हाइड्रेटिंग गुण पाए जाते हैं, तो हमारी स्किन से जुड़ी कई समस्याओं को ठीक करने में फायदेमंद साबित होते हैं। आप चाहें तो रोजाना चेहरे पर गुलाब जल लगाकर सो भी सकते हैं और सुबह तक चेहरे पर निखार पा सकते हैं।



